हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 20.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 232 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### मुख्यमंत्री ने की ईद-सरहुल-रामनवमी को लेकर अहम बैठक, दिए निर्देश

# विधि व्यवस्था के संधारण में खलल डालने वालों पर त्वरित एवं सख्त एक्शन हो : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ईद, सरहुल और रामनवमी के मद्देनजर राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक से आगामी पर्व- त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा, साफ-सफाई और बिजली-पानी की आपूर्ति समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करने के क्रम में कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से सभी पर्व - त्यौहार संपन्न हों। त्यौहार के नाम पर अशांति, हिंसा और उप्रदव नहीं हों। ऐसे में पुलिस- प्रशासन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहे। विधि व्यवस्था के संधारण में खलल डालने वालों पर त्वरित एक्शन होना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के साथ हनुमान जयंती और महावीर जयंती समेत कुछ और पर्व भी मनाने की परंपरा चलती आ रही है। ऐसे में इन सभी पर्व- त्यौहारों के संपन्न होने तक सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिये। पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती रहे। सुरक्षा में तैनात सभी जवान हर वक्त सतर्क रहें। इनफॉर्मर्स को भी जोडें ताकि कोई भी एक्टिविटी की जानकारी तुरंत प्रशासन के पास पहुंच सके।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि चिन्हित किए गए संवेदनशील इलाकों तथा धार्मिक स्थलों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। यहां किसी भी सूरत में किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि नहीं होनी चाहिए, जिससे शांति भंग होने की आशंका बने। उन्होंने जिलों को निर्देश दिया कि वे सभी समुदाय के लोगों का सहयोग जरूर लें।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों से कहा कि पर्व - त्यौहार के मौके पर निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर जुलूस रूट तथा भीड़ भाड़ वाले इलाकों की विशेष निगरानी होनी चाहिए। इसके लिए जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन कर सुरक्षा से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। पुलिस बलों की तैनाती के साथ सुरक्षा से संबंधित तमाम उपकरणों की भी उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के मौके पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा और जुलूस के दौरान की तमाम एक्टिविटीज का पूरा डॉक्यूमेंटेशन तैयार करें। इससे आगे आने वाले त्योहारों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित रणनीति तैयार करने में काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग पर्व - त्योहारों के मौकों पर अशांति और उपद्रव करने की जुगात में रहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ सोशल मीडिया की भी लगातार निगरानी होनी चाहिए। सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित एक्शन लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चों की भागीदारी भी होती है। ऐसे में उनकी सुविधा तथा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए।

- शोभा यात्रा और जुलूस के दौरान भड़काऊ और उत्तेजक गाने नहीं बजे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें
- जुलूस मार्ग में सेफ जोन बनाएं, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी व्यवस्था हो
- शांतिपूर्ण माहौल में आपसी सद्भाव के साथ सभी पर्व-त्यौहार संपन्न हों
- पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती के साथ इंफॉर्मर्स को भी जोड़े, ताकि सभी तरह की सूचनाएं लगातार मिलती रहे
- त्योहारों के मौके पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा और जुलूस के दौरान की तमाम एक्टिविटीज का पूरा डॉक्यूमेंटेशन तैयार हो
- फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, दंगा रोधी वाहनों और, वॉटर कैनन जैसे सभी सुरक्षात्मक उपकरणों- को तैयार रखें, ताकि आपातकालीन स्थिति में उसका त्वरित इस्तेमाल हो सके
- जिला प्रशासन सभी पूजा समितियों और अखाड़ों से समन्वय बनाकर उन्हें प्री- रिकार्डेड रिकॉर्ड गानों की पेनड्राइव उपलब्ध कराए
- शोभा यात्रा के दौरान जुलूस मार्ग में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था हो
- शोभा यात्रा में शामिल होने वाले झण्डों की लंबाई को लेकर हाई कोर्ट के आदेश का पालन सुनिश्चित करने की पहल हो



### मुख्यमंत्री 17वीं झारखंड पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में हुए शामिल

# झारखंड पुलिस के जवान सुरक्षा के साथ खेलों में भी दिखा रहे अपना दमखम : हेमन्त



- शरीर को फिट और स्वस्थ रखने के लिए हर किसी को खेलों से जुड़ने की है जरूरत
- झारखंड पुलिस द्वारा जवानों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना सराहनीय पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस के जवान आज राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने के साथ खेलों में अपना दमखम दिखा रहे हैं। हमारे पुलिस बल के जवान कई राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में ना सिर्फ हिस्सा लिया है, बल्कि अपने प्रदर्शन से अपना और अपने राज्य तथा देश का नाम रौशन किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि एक खिलाड़ी के रूप में ये जवान आगे भी अपना परचम लहराएंगे और झारखंड पुलिस का मान-सम्मान बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप-वन मैदान में आयोजित झारखंड पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने इस प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड पुलिस की ओर से हर वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस खेल प्रतियोगिता में राज्यभर से झारखंड पुलिस के जवान बतौर खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। इनमें कुछ विजेता होते हैं तो कुछ चूक जाते हैं। मेरा मानना है कि खेलों में हिस्सा लेना ही सबसे बड़ी बात है। हार जीत तो लगी रहती है। मैं इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप इसी तरह आगे भी खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहें, सफलता जरूर मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए हम अपने शरीर को फिट और स्वस्थ रख सकते हैं। ऐसे में झारखंड पुलिस की ओर से अपने जवानों के लिए इस तरह की जो खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है, वह काफी सराहनीय है। इस मौके पर गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, अपर पुलिस महानिदेशक प्रिया दुबे सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं खेलों में हिस्सा लेंगे आए पुलिस बल के प्रतिभागी मौजूद थे।

### एक नजर

## पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी कर दी। इस सूची में 112 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही पहली सूची में एक उम्मीदवार का नाम भी बदला गया है। इससे पहले भाजपा ने पहली सूची में 144 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दूसरी सूची जारी होने के बाद अब 38 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित होने बाकी हैं। दूसरी सूची के अनुसार, हावड़ा के श्यामपुर से हिरण चट्टोपाध्याय को टिकट दिया गया है। सोनारपुर दक्षिण सीट पर रूपा गांगुली को उम्मीदवार बनाया गया है, जहां उनका मुकाबला तृणमूल कांग्रेस की लवली मैत्रा से होने की संभावना है।

### रांची नगर निगम अंतर्गत उपमहापौर एवं बुंडू नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न

# 38 वोट के साथ नीरज कुमार रांची नगर निगम के उपमहापौर निर्वाचित




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और वार्ड पार्षदों तथा बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को समाहरणालय भवन, ब्लॉक-अ के कमरा संख्या-207 एवं 608 में संपन्न हुआ।

रांची नगर निगम के उपमहापौर पद के लिए हुए चुनाव में नीरज कुमार ने 38 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी परमजीत सिंह को 15 मत प्राप्त हुए। स्पष्ट बहुमत के साथ नीरज कुमार को उपमहापौर निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जनसेवा की भावना के साथ करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण लेने के बाद महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि शहर के नगर निकाय की दशा-दिशा बदल जाएगी। जनता की हर समस्या का समाधान निकाला जाएगा। सरलता पर समस्याओं कि समाधान करने के लिए प्रशासन से समन्वय स्थापित किए जायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह से पहले महापौर रौशनी खलखो ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। इसके साथ ही जेल पार्क में झाड़ू लगाकर साफ सफाई में दुरुस्त करने में अपनी काम की शुरूआत की।

# ईरान का अब कुवैत की बड़ी रिफाइनरी पर ड्रोन अटैक, भीषण आग से मचा हड़कंप

एजेंसी

**तेहरान :** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और ज्यादा खतरनाक होता जा रहा है। ताजा घटनाओं में तेल अविव के ऊपर जोरदार धमाके सुने गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। ये धमाके ईरान के जवाबी हमलों से जुड़े माने जा रहे हैं। इससे पहले कुवैत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद भीषण आग लग गई। हालांकि इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन नुकसान बड़ा बताया जा रहा है। यह रिफाइनरी मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी इकाइयों में गिनी जाती है, जिसकी उत्पादन क्षमता करीब 7.3 लाख बैरल प्रतिदिन है।



रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने अपने खिलाफ हुए हमलों के जवाब में कतर, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया है। कतर के एलएनजी हब में भी मिसाइल हमलों के बाद आग लग गई, जिसे बाद में बुझा दिया गया, लेकिन वहां पहले ही उत्पादन रोक दिया गया था और अब और नुकसान हुआ है। यूएई में हबशान गैस प्लांट और बाब ऑयल फील्ड को भी बंद करना पड़ा। अधिकारियों ने इसे 'खतरनाक उकसावा' बताया है। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से 'विश्वास पूरी तरह टूट गया है।



विश्व गौरैया दिवस

विश्व गौरैया दिवस हमें उस छोटे किन्तु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी गौरैया की याद दिलाता है, जो कभी हमारे घरों, आँगनों और खेतों में सहज रूप से दिखाई देती थी। गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे पर्यावरणीय संतुलन की एक अनिवार्य कड़ी है। दुर्भाग्यवश शहरीकरण, प्रदूषण, आधुनिक जीवनशैली और प्राकृतिक आवास के नष्ट होने के कारण इसकी संख्या में निरंतर कमी आई है। इनके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक है। इस पक्षी की याद में प्रति वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है।

गौरैया हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत उपयोगी पक्षी है। यह कीट नियंत्रण में सहायक होती है, फसलों की रक्षा करती है और हमारे परिवेश को जीवंत बनाती है। इसकी चहचहाहट हमारे जीवन में आनंद और शांति का संचार करती है। यदि गौरैया जैसी प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ेगा। विश्व गौरैया दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने जीवन में पर्यावरणीय चेतना को पुन: जागृत करें। गौरैया का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम अपने घरों और बगीचों में पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराएं, यदि हम वृक्षारोपण को बढ़ावा दें और प्राकृतिक आवास की रक्षा करें, यदि हम अपने परिवेश को स्वच्छ और सुरक्षित बनाएं, तो गौरैया की संख्या में वृद्धि संभव है।

गौरैया हमारे लोकगीतों, कहानियों और परंपराओं में भी स्थान रखती है। इसकी उपस्थिति हमारे सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग है। जब हम गौरैया को बचाने का संकल्प लेते हैं, तो हम केवल एक पक्षी को नहीं बचाते, बल्कि अपनी संस्कृति, अपनी स्मृतियों और अपने पर्यावरण को भी सुरक्षित करते हैं। अत: इसका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक जिम्मेदारी भी है।

जोहार !



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड

PR- 375667 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 50 वर्षीय महिला की मौत

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत चौक पर रेखा देवी पति इंद्रदेव कुशवाहा उम्र 50 वर्ष की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक अपने घर बरसोत से सब्जी बेचने पति के साथ करियातपुर बाजार जा रही थी। इसी क्रम में तार का बंडल लदा कंटेनर गाड़ी उक्त महिला को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई, जबकि मृतिका के पति बाल बाल बच गए। ट्रक की निबंधन संख्या HR38AC/8829 है। उक्त वाहन बंगाल से दिल्ली की ओर जा रही थी। वहीं बरही पुलिस वाहन चालक को सुरक्षित अपने कब्जे ले लिया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे काफी लंबा जाम लग गया। ग्रामीणों ने मुआवजा के साथ साथ ओवर ब्रिज की मांग कर रहे थे। घटना स्थल पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे। लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया। बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खेरौन में निकली भव्य कलश यात्रा

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन के मंदिर प्रांगण से गुरुवार सुबह 11 बजे खेरौन के द्वारा श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह खेरौन महोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा के साथ किया गया। गुरुवार के सुबह क्षेत्र की महिला व बच्चियों ने 501 कलश के साथ कलशयात्रा में शामिल हुए। खेरौन महोत्सव के आचार्य महोदय पवन जी के द्वारा कलश देकर कलश यात्रा शुरूआत हुआ कलश यात्रा खेरौन मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव होते हुए त्रिवेणी नदी पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कलश में जल उठाकर पुरा गांव भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित किया।

### 15 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी आंबेडकर जयंती

**चौपारण :** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को लेकर चौपारण में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को चौपारण स्थित चेतना प्लेस होटल में आंबेडकर विचारधारा मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें जयंती समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### डॉ. हेडगेवार जयंती हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग ,हजारीबाग में गुरुवार को विक्रम नव संवत्सर 2083 (हिंदू नव वर्ष) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात:कालीन पथ संचलन से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इसमें विद्यालय के भैया-बहनों का घोष दल, आकर्षक झांकियां एवं आचार्यगण शामिल रहे। पथ संचलन के माध्यम से समाज में हिंदू नव वर्ष के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व का संदेश दिया गया।

# रंग लाया अदाणी फाउंडेशन का प्रयास

# 45 युवाओं को मिली नौकरी

- 210 प्रशिक्षुओं ने पूरा किया प्रशिक्षण, प्लेसमेंट में दिखा बेहतर प्रदर्शन
- इलेक्ट्रिशियन व कंप्यूटर कोर्स के युवाओं को नामी कंपनियों में अवसर
- ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव (हजारीबाग) :** अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर बड़कागांव में सत्र 2025झ26 के सफल प्रशिक्षुओं के लिए ऑफर लेटर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 45 चयनित युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह पहल ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

इस सत्र में केंद्र के कुल 210 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। केंद्र में संचालित डाटा एंट्री ऑपरेटर और असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा। असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से 21 तथा कंप्यूटर कोर्स से 24 प्रशिक्षुओं का चयन विभिन्न संस्थानों में हुआ।

चयनित युवाओं को टाटा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, सदर अस्पताल, आरोग्यम हॉस्पिटल, कॉजेंट टेक्नोलॉजीज, बजाज कैपिटल, रिशडम इंडिया समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अवसर मिला है। समारोह में प्रशिक्षकों, स्टाफ और अभिभावकों की उपस्थिति रही। केंद्र प्रबंधन ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य प्रशिक्षुओं को भी अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, बड़कागांव द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। केंद्र ने भविष्य में और अधिक युवाओं को प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई।

अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में भी कई पहलें संचालित की जा रही हैं। इनमें टीबी पोषण सहायता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इन प्रयासों से क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

## सनातन नववर्ष पर शिवाजी प्रभात शाखा में कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** शिवाजी प्रभात शाखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सनातन नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शाखा के मुख्य शिक्षक कुंदन कुमार द्वारा स्वयंसेवकों का संपत कराते हुए आद्य सरसंघचालक के स्मरण एवं ध्वज प्रणाम के साथ की गई। इसके उपरांत परम पूज्य डॉ. हेडगेवार की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर विधिवत कार्यक्रम आरंभ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान कोडरमा जिला के सह शारीरिक प्रमुख प्रभु राणा द्वारा शारीरिक प्रदर्शन, नंदकिशोर द्वारा सुभाषित, सह खंड कार्यवाह द्वारा एकल गीत तथा कुंदन कुमार द्वारा संघ प्रार्थना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर पूर्ण गणवेश में 42 स्वयंसेवक, 8 बाल स्वयंसेवक एवं विद्या भारती के 7 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बौद्धिक प्रमुख सुबोध पांडेय ने कहा कि भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है, जो भारतीय संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन आत्मनिरीक्षण, एकता और राष्ट्रप्रेम के पुनर्संकल्प का अवसर है। उन्होंने आगे बताया कि यह पर्व सृष्टि की रचना, सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक एवं संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जन्मदिवस से भी जुड़ा हुआ है। वसंत ऋतु में आने वाला यह नववर्ष नई ऊर्जा, फसलों के पकने और प्रकृति के पुनर्जागरण का संदेश देता है।

इस अवसर पर त्रिवेणी साव, कृष्णा केशरी, राजेश केशरी, गुरुदेव गुप्ता, प्रदीप चंद्रवंशी, निरंजन केशरी, राजेंद्र केशरी, राहुल राणा, रजनीश पांडेय, राजू सर, कृष्ण राणा, अरविंद कुमार, पिंटू केशरी सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## भामाशाह विद्यालय में हिन्दू नव वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 युगाबद 5128 के प्रथम दिवस पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के विद्यालय परिवार ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आद्य सर संघचालक श्रद्धेय डॉ बलिराम हेडगेवार जी की जन्म जयंती मनाते हुए किया गया। आचार्य योगेश्वर साव जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। आचार्य नितेश गोस्वामी ने सुभाषित सुनाया और उसका शाब्दिक अर्थ से सभी के मनोबल को भी बल प्रदान किया। इसके उपरांत प्रभारी आचार्य राजू कुमार (खण्ड सेवा प्रमुख) ने इस पावन दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दू नववर्ष (विक्रम संवत), जो आमतौर पर चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होता है, प्रकृति, विज्ञान और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम है। यह वसंत ऋतु की शुरूआत, फसलों के पकने, नए संकल्प लेने, और स्वास्थ्य व आत्म-चिंतन के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण समय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय जी ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी, इसलिए इसे 'सृष्टि संवत' भी कहते हैं।उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी जी की उपस्थिति रही।

## धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है सकारात्मक ऊर्जा: मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** बेलाही पंचायत के ग्राम पोडो में श्री श्री 1008 लक्ष्मी गणेश प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और जयकारों के साथ निकली इस शोभायात्रा में 501 महिलाओं और कन्याओं ने पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ का आयोजन न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का भी कार्य करता है। धार्मिक आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि हमारा बरही विधानसभा क्षेत्र सदैव विकास और सुख-शांति की राह पर अग्रसर रहे। आयोजको ने बताया कि यज्ञाचार्य वाराणसी के श्री कृष्ण शास्त्री जी व प्रखर कथावाचिका पूज्य देवी जया शास्त्री जी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी।

कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप सदस्या सह मंडल अध्यक्ष आरती कौशल, मुखिया मंटू सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास रजक, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, कपिल यादव, जन्मजेय सिंह, आदित्य चौरसिया, आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## हिंदू नव वर्ष पर निकली शोभा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को एकल अभियान हजारीबाग अंचल के तत्वावधान में नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन ने क्षेत्र में एक नया उत्साह भर दिया, जिसमें स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ बरही स्टेशन रोड स्थित होटल एके पैलेस से हुई। वहां मां भवानी, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एकल अभियान से जुड़े सैकड़ों आचार्या, अंचल संच समिति के पदाधिकारी एवं एकल विद्यालय से जुड़े बच्चे एवं भामाशाह विद्यालय के आचार्य नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा में गाजे बाजे के साथ उत्साह से भाग लिया। सभी को अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व एकल अभियान हजारीबाग अंचल अध्यक्ष भरत यादव, अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, राज कुमार यादव, श्री हरि सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ सुनील दत्त,अंचल जागरण प्रमुख प्रो हीरामन साव, मिथलेश श्रीवास्तव , सुनील राणा एवं कमल शंकर पंडित ने किया।

भगवा झंडा लेकर नगर में निकली विपुल शोभा यात्रा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उत्साहित दर्शकों ने ह्लभारत माता की जयह्व के उद्घोष के साथ यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा होटल एके पैलेस से शुरू होकर बरही चौक होते हुए चारों मार्गों का भ्रमण करती हुई आगे बढ़ी।

इस शोभा यात्रा में बच्चों, युवाओं और वयस्कों ने उत्साहित होकर शामिल हुए। सभी ने पारंपरिक परिधान पहन रखे थे, जिससे वातावरण में एक विशेष धूमधाम देखने को मिला। यात्रा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें संगीत और नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। चारों मार्गों में सामूहिक तौर पर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। शोभा यात्रा का आकर्षण श्री राम सीता एवं लक्ष्मण की जीवंत झांकी रही, जो नगर भ्रमण में साथ साथ चली।

## सांसद की पहल: मांडू विस क्षेत्र के 261 अखाड़ों को भेंट किया गया लाठी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूर्व के वर्षों की भांति हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में सांसद दंड (लाठी) वितरण अभियान- 2026 की शुरूआत गुरुवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से चूरचू मंडल के कुल 47 अखाड़ों को दंड प्रदान कर किया। जिसके बाद घाटो मंडल राजेंद्र नगर स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में घाटो क्षेत्र के कुल 63 अखाड़ा, आराकांटा स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में आरा मंडल के कुल 70 अखाड़ा, मांडू मंडल के मुरपा स्थित कुजू पूर्वी पंचायत भवन सभागार में कुल 71 अखाड़ा और डाडी मंडल के गिद्दी-ए स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में डाडी क्षेत्र के कुल 50 अखाड़ा के रामभक्तों के बीच दण्ड का वितरण किया। सांसद मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू, घाटो, मांडू और डाडी मंडल क्षेत्र में कुल 261 अखाड़ा धारियों के बीच दण्ड का वितरण कर रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र और रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल का क्षेत्र वासियों ने गर्मजोशी से गाजे-बाजे के साथ फूलमाला पहनाकर और भगवा अंग-वस्त्र ओढ़ाकर जबरदस्त स्वागत किया।

मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने इस अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि हजारीबाग की रामनवमी में दंड परिचालन एवं शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों द्वारा लाठी, तलवार, गदा, मुक्कदर और बड़े-बड़े पत्थरों का वेट लिफ्टिंग का कौशल का शानदार प्रदर्शन होता था। लेकिन हाल के दिनों में पुरानी प्रथा में बदलाव हुआ और पिछले कुछ समय पाइप ने इसकी जगह ले ली। ऐसे में पुनः रामनवमी शोभायात्रा में प्राचीन संस्कृति जीवंत हो इस दिशा में हमारा एक प्रयास है। पिछले कुछ सालों से हमने पारंपरिक दंड वितरण अभियान परंपरा की शुरूआत की। जो वर्तमान वर्ष भी जारी है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक दंड पहुंचाने का अभियान जारी है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र का दुरुपयोग कदापि न करें और इनका उपयोग केवल कला- कौशल प्रदर्शन में ही करें।

मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, चुरचू भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार, चुरचू मंडल के सांसद प्रतिनिधि शफुलेश्वर महतो, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह , मुरारी सिंह , महादेव विश्वकर्मा, रजनीकांत वर्णवाल, पारस महतो, राकेश सिंह, रोहित महतो , छत्रधारी महतो, सतीश कुमार साहू, प्रदीप कुमार , संगीता देवी, घाटो में घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद रजवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरिधारी महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दासो महतो, अनिल कुमार चंद्रवंशी, संदीप साहू, जिलामंत्री किरण देवी, रश्मि प्रसाद, सुधीर सिंह, राजेश शर्मा, भूदेव महतो, अभिषेक शेखर, रामचंद्र राम, संजय सिंह, संजय कुमार दुर्गा कुमार, आरा मंडल में आरा मंडल के सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार, सुमेश्वर महतो, डोमन ठाकुर, पारसनाथ प्रजापति, चितरंजन जायसवाल, अनिल सिन्हा, दयाल महतो, लक्ष्मण साव, रामेश्वर महतो, बासुदेव राम गंझू, उत्तम पाण्डेय, विनोद प्रसाद, रंजीत कुमार साव, अमित महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### डुमरियाडीह में 41 छात्रों के बीच पोशाक का किया गया वितरण



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के डुमरियाडीह में संचालित नव प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य मो कयूम के नेतृत्व में कक्षा पहला एवं दूसरी कक्षा के 41 छात्र - छात्राओं के बीच डबल सेट स्कूली पोशाक का वितरण किया गया। वहीं पोशाक पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी, इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मो कयूम ने कहा कि सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और कहा कि पोशाक से स्कूली बच्चों में समानता आती है। साथ ही उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील की। बता दें कि पोशाक राज्य के सरकारी स्कूलों में पोशाक वितरण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में समानता, अनुशासन और एकता को बढ़ावा देना है। यह अमीर - गरीब का भेद मिटाकर समान अवसर प्रदान करता है, और शिक्षा के प्रति गंभीरता लाने के साथ ही सामाजिक भेदभाव को खत्म करने में मदद करता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक लियाकत अली एवं मो मंसूर आलम समेत स्कूली छात्र मौजूद थे।

### नवरात्र और ईद को लेकर मुखिया शमशेर आलम ने चलाया सफाई अभियान



**बरही :** नवरात्रि और ईद को लेकर बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। मुखिया शमशेर आलम ने कहा कि 19 मार्च से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो गया है, साथ ही आगे ईद उल फितर और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार है। उन्होंने कहा कि ईद और रामनवमी जैसे पवित्र त्योहारों में सफाई का मुख्य उद्देश्य पवित्रता, आध्यात्मिक शांति, और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है। कहा कि त्योहारों में साफ - सफाई से सुखद अनुभूति होती है और स्वास्थ्य सुरक्षा और उत्सवों के दौरान भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए अनिवार्य है। वहीं बरही वासियों ने मुखिया शमशेर आलम के इस पहल की सराहना की है, बता दें कि बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम हर धार्मिक अनुष्ठान और त्योहारों में साफ - सफाई पर विशेष ध्यान देते है।

### चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विभावि के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालयों के राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय की बनी हुई प्रतिष्ठा को बरकरार रखा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा ने पूरे दल को जबरदस्त प्रस्तुति के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय लौटने पर गुरुवार को छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने गर्म जोशी से पूरे दल का स्वागत किया। चेन्नई के अनुभवों को साझा करते हुए विश्वविद्यालय दल के मुख्य प्रबंधक डॉ जॉनी रुफिना तिर्की, सह प्रबंधक अर्चना रीना धान तथा सहायक प्रबंधक सोनू कुमार ने बताया कि 10 से 14 मार्च 2026 तक चेन्नई के सत्यभामा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 'कलाई सारल' (डं्र रं१ं) नेशनल यूथ फेस्टिवल-यूनिफेस्ट का भव्य आयोजन किया गया था। इस आयोजन में विनोबा भावे विश्वविद्यालय समेत 145 विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने 28 अलग-अलग विधाओं में भाग लिया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय दल की छाया दास ने रंगोली में अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान, रूपा प्रेरणा ने वाद-विवाद में तीसरा स्थान, रौनक ने एलोक्यूशन में तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया। वहीं पश्चिमी सोलो गायन में पश्चिमोत्तर एवं भारत के बड़े-बड़े शहरों में अवस्थित विश्वविद्यालयों को टक्कर देते हुए विभावि ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। किसी भी युवा महोत्सव का सबसे आकर्षक विधा सांस्कृतिक शोभायात्रा माना जाता है। इसमें विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर सबका दिल जीत लिया। इसी प्रकार समूह विधाओं में मुक अभिनय (ी) में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान, प्रहसन (२्३) में दूसरा स्थान, पश्चिमी समूह गायन में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ष से प्रारंभ किया गया रचनात्मक नृत्य विन्यास (ीं३ॅ५ींू्नीॅ१संॅ८) स्पर्धा में भारत के 145 विश्वविद्यालयों में पांचवा स्थान प्राप्त कर विभावि दल ने अपनी नवाचारी प्रस्तुति से सबको अवाक कर दिया।

### अखाड़ा संस्कृति सशक्त करने की मुहिम में जुटे मुकुंद साव, रामनवमी पर विशेष आयोजन

**चौपारण :** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र में अखाड़ा परंपरा को सशक्त और जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 22 मार्च 2026 (रविवार) को सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों के बीच लाठी सहित अन्य पारंपरिक सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। कार्यक्रम के तहत अलग-अलग मंडलों में चरणबद्ध तरीके से आयोजन कर अखाड़ा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी शुरूआत चंदवारा प्रखंड के ब्लॉक मैदान में सुबह 11 बजे से होगी। इसके बाद चौपारण पूर्वी मंडल के लिए पंचायत भवन सेलहारा में दोपहर 12 बजे, चौपारण मध्य मंडल के लिए दुर्गा मंडप चौपारण में दोपहर 1 बजे तथा चौपारण पश्चिमी मंडल के लिए बजरंग क्लब दादपुर में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात बरही पश्चिमी मंडल के तिलैया रोड में दोपहर 3 बजे, बरही पूर्वी मंडल के बरसोत में शाम 4 बजे तथा पदमा मंडल में शाम 5 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी स्थानों पर अखाड़ा समिति के सदस्यों को पारंपरिक लाठी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## एक नजर

### आईआईसीएम में अनियमितता पर श्रमिक संघ ने जताया विरोध

**रांची** : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) रांची में कथित अनियमितताओं को लेकर आईआईसीएम श्रमिक संघ ने विरोध दर्ज कराया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) को शिकायत भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आईआईसीएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इस प्रकार की मनमानी और संभावित भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो श्रमिक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संघ ने सीवीओ से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और गहन जांच कर दोषी अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि संस्थान में जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे। श्रमिक संघ के अनुसार, आईआईसीएम के सीनियर मैनेजर (ई एंड एम) रवि रंजन पर नियमों को दरकिनार कर नियुक्तियां कराने का आरोप है। संघ का कहना है कि आरके कंस्ट्रक्शन (ईलेक्ट्रीकल डिपार्टमेंट) के माध्यम से राहुल यादव और जाहिद अंसारी की नियुक्ति संदिग्ध तरीके से की गई है। इसमें निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और एक यूनियन नेता की मिलीभगत से नियुक्ति होने का आरोप लगाया गया है।

### आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति चोरी का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति चोरी मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जबकि गिरोह में शामिल एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। आरपीएफ की इस कार्रवाई को रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर की गई। पीआरएस कार्यालय, रांची से आरपीएफ को सूचना मिली थी कि रेलवे कोर्ट के पास स्थित एक भवन की खिड़की तोड़ दी गई है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरपीएफ पोस्ट रांची में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। मामले की जांच के क्रम में 17 मार्च को निरीक्षक रांची के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट और अपराध शाखा की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उत्तर रेलवे कॉलोनी के एक क्वार्टर को चिन्हित किया। वहां घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान टीम ने पांच लोगों को रेलवे के विद्युत केबल काटते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से करीब 42 मीटर लंबा केबल बरामद किया गया। इसके अलावा दो हेक्सा ब्लेड और एक पेपर कटर भी जब्त किए गए, जिनका इस्तेमाल केबल काटने में किया जा रहा था। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया कि आरोपित संगठित तरीके से रेलवे संपत्ति की चोरी में लिप्त थे। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने कई अहम खुलासे किए। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले पंप हाउस का ताला तोड़कर केबल चोरी की थी और पीआरएस भवन में भी चोरी का प्रयास किया था। इस कबूलनामे के बाद आरपीएफ को पूरे गिरोह की गतिविधियों की जानकारी मिल सकी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल कच्छप, कृष्णा मुंडा, अनुज टोप्पो और लव मुंडा के रूप में हुई है। वहीं इस गिरोह में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है, जिससे पूछताछ जारी है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की हुई बैठक

# रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की हो पहल : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 15 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार -विमर्श के उपरांत 6 कैदियों के रिहा करने पर सहमति बनी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किए जाते हैं, उनका डेटा बेस बनाया जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा बने रहें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में डायन बिसाही की घटनाएं काफी होती है। ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने की दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की अपर सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, विधि विभाग के प्रधान सचिव -सह - विधि परामर्शी नीरज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर पुलिस महानिरीक्षक तुषार रंजन और न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से डॉ. राजीव मनोहर की शिष्टाचार मुलाकात



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रोफेसर राजीव मनोहर ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों में उत्कृष्टता और छात्रों के विकास पर संतोष व्यक्त किया।

## 100 प्रतिशत महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने वाले बिंदु पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति मामले में आकांक्षा कुमारी सहित अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में 100 प्रतिशत महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने या ना होने के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई। इस बिंदु पर कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रखा है। मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। वहीं जेएसएससी के अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स, अधिवक्ता चंचल जैन व अन्य पक्ष रखा।

दरअसल मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने इस मामले को सक्षम हाईकोर्ट की खंडपीठ में भेजने का निर्देश दिया था। जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रही है। एकल पीठ ने इस बिंदु पर निर्णय के लिए खंडपीठ को भेजा है कि क्या कोई पद शत-प्रतिशत प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकता है या नहीं। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि नियुक्ति में किसी वर्ग को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। इसमें सिर्फ महिलाओं से आवेदन मांगा गया है।

जेएसएससी ने बाल कल्याण विभाग में महिला सुपरवाइजर के 421 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। प्रार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हुए, लेकिन आयोग की ओर से प्रार्थियों का चयन यह कहते हुए नहीं किया कि इनकी शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं है। प्रार्थियों के पास विज्ञापन में निर्धारित मुख्य विषय की बजाय सहायक विषयों की डिग्री है। जबकि नियुक्ति नियमावली में ऐसा नहीं है।

## गाड़ियों की खरीद से नहीं, सख्त कार्रवाई से सुधरेगी कानून व्यवस्था : अजय साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड सरकार द्वारा पुलिस के लिए छह सौ से अधिक गाड़ियों की खरीद को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने सवाल उठाए हैं। अजय साह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है, लेकिन सरकार का ध्यान अपराध नियंत्रण की जगह प्रचार और दिखावे पर ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि जब जमीनी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, तब इस तरह की घोषणाएं जनता को गुमराह करने जैसी लगती हैं। अजय साह ने आरोप लगाया कि पीसीआर वैन तक अवैध बालू और कोयला ढोने वाले ट्रकों से वसूली में लगी रहती हैं, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

अजय साह ने कहा कि राज्य में अपराध का स्तर इस कदर बढ़ गया है कि धनबाद के एक रेस्टोरेंट मालिक को रंगदारी से परेशान होकर राज्य छोड़ना पड़ा। वहीं राजधानी रांची में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रिंस खान का जिक्र करते हुए कहा कि गैंगस्टर खुलेआम धमकी दे रहे हैं, जिससे साफ है कि अपराधियों में कानून का डर खत्म हो चुका है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग का आधार कानून व्यवस्था सुधारना नहीं, बल्कि अवैध कारोबार को संरक्षण देना बन गया है। ऐसे हालात में केवल गाड़ियों की खरीद से कोई बदलाव नहीं आने वाला। अजय साह ने कहा कि जब पूर्व डीजीपी पर ही आपराधिक गिरोह से जुड़े होने के आरोप लगे हों और मौजूदा डीजीपी की नियुक्ति पर भी सवाल उठ चुके हों, तब सरकार को पहले पुलिस व्यवस्था की विश्वसनीयता बहाल करनी चाहिए। उन्होंने जेल व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जेल अपराधियों के लिए सजा की जगह मौज-मस्ती का अड्डा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आधुनिक संसाधनों और बेहतर वाहनों के खिलाफ नहीं है, लेकिन जब राज्य में कानून व्यवस्था कमजोर हो, तब केवल गाड़ियों की खरीद कर सुधार का दावा करना सही नहीं है।

अजय साह ने हेमंत सोरेन सरकार से अपील की कि वह दिखावे की राजनीति छोड़कर अपराध पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा लौट सके।

## प्रतियोगिता में परिणाम से अधिक भागीदारी महत्वपूर्ण : कुलपति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : डीएसपीएमयू के प्रतिभागियों को एआईयू के 39वें इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल (2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और टीम भावना के साथ आगे बढ़ना है।

प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामूहिकता को मजबूत करते हैं। विश्वविद्यालय ने इस महोत्सव में कुल 11 कार्यक्रमों में भाग लेते हुए संगीत, ललित कला और रंगमंच के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। प्रतियोगिता में डीएसपीएमयू के प्रतिभागियों ने समूह गान (भारतीय) और रंगोली में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सांस्कृतिक शोभायात्रा (पूल अ) में दूसरा रनर-अप रहे। समूह गान (पश्चिमी), लोक वाद्यवृंद (फोक ऑर्केस्ट्रा) और मृदा शिल्प (क्ले मॉडलिंग) में तीसरा स्थान हासिल किया गया। इसके अलावा मूक अभिनय (माइम) और शास्त्रीय एकल गायन में चौथा स्थान प्राप्त हुआ, जबकि एकांकी नाटक (वन एक्ट प्ले) का परिणाम प्रतीक्षित है। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ। सर्वोत्तम कुमार, कुलसचिव डॉ। धनंजय द्विवेदी और विज्ञान संकाय की डीन डॉ. नमिता सिंह भी उपस्थित रहीं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धा के साथ मना वर्ष प्रतिपदा उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर गुरुवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्रा और आचार्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भारत माता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार के स्वरूप में सहभागिता कर सभी का मन मोह लिया।

इसके बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि यह दिन केवल नववर्ष की शुरूआत ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सिखाता है कि हम अपने जीवन में भी नई शुरूआत करें, अच्छे संकल्प लें और अपने राष्ट्र, समाज एवं परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। आज का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक थे। इसके बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य और कई अभिभावक मौजूद थे।

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश महासंकट की स्थिति में पहुंचा : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने रमजान, सरहुल और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश आज केंद्र की गलत नीतियों के कारण महासंकट की स्थिति में पहुंच गया है।

विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई को मानवीय सभ्यता पर काला धब्बा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में अमेरिका के साथ बढ़ते रिश्तों के कारण देश अमेरिकी प्रभाव में आकर कमजोर हुआ है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की विफल विदेश नीति के कारण मिडिल ईस्ट, यूरोप, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में करीब ढाई करोड़ भारतवंशी फंसे हुए हैं और एयर रूट ठप होने से वे वापस नहीं आ पा रहे हैं। खासकर ईद के मौके पर खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय मुसलमान घर नहीं लौट पा रहे हैं और सरकार उन्हें वापस लाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं कर रही है।

घरेलू मोर्चे पर उन्होंने सरकार को पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी से कृषि, उद्योग और स्वास्थ्य क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कोयला निजी कंपनियों को दे दिया और अब उसके दाम बढ़ा दिए गए हैं।

उन्होंने मांग की कि कोल इंडिया को कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए। साथ ही केंद्र सरकार राज्य सरकार को तय मात्रा में कोयला उपलब्ध कराए ताकि पीडीएस के माध्यम से इसे घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कोयले की कीमत बढ़ने से थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ेगी और इसका सीधा असर बिजली की दरों पर पड़ेगा। उन्होंने भाजपा सरकार को चुनावी सरकार बताते हुए कहा कि 29 अप्रैल तक चुनाव के कारण पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही इनमें भारी बढ़ोतरी की जाएगी, जिससे बड़े कॉरपोरेट समूहों को फायदा होगा।

राजनीतिक आरोपों पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुद्दों की कमी है, इसलिए इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मथुरा प्रसाद महतो ने राज्यपाल से की भेंट



**रांची** : राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को झारखण्ड विधानसभा सदस्य मथुरा प्रसाद महतो ने लोक भवन में भेंट की तथा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### हाई कोर्ट ने मो. अब्दुल हकीम के खिलाफ नॉन-बेलेबल वारंट जारी किया




**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत के आदेश के बावजूद मो. अब्दुल हकीम अदालत में हाजिर नहीं हुए, जिस पर नाराजगी जताते हुए न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनके खिलाफ नॉन-बेलेबल वारंट जारी कर दिया। खंडपीठ ने चतरा एसपी को निर्देश दिया कि वो मो. अब्दुल हकीम को गिरफ्तार कर एक अप्रैल को अदालत में प्रस्तुत करें। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लड़के की मां अख्तरी खातून की ओर से दायर की गयी है। पिछली सुनवाई में अदालत ने कुछ तथ्यों को छिपाये जाने की आशंका जताई थी। अदालत ने चतरा के पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। साथ ही अख्तरी खातून, मोहम्मद गुलाम और मोहम्मद अब्दुल हकीम को 19 मार्च को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। लेकिन मोहम्मद अब्दुल हकीम अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इस कारण नाराज होकर अदालत ने उसके खिलाफ नन बेलेबल वारंट जारी किया। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी।

### बोकारो में सबसे अधिक 43 मिमी मीटर बारिश दर्ज, आज ऑरेंज अलर्ट



**रांची** : इन दिनों राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बादल, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान बोकारो जिले के नावाडीह में सबसे अधिक 43 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इस दौरान राज्य के अन्य इलाकों में जहां बारिश दर्ज की गई उनमें पालगंज में 16.4 मिलीमीटर, बोकारो में 11 मिलीमीटर, मोहनपुर में 10.8, कोनार में 8.2, डुमरी में 6.4, नांदडीह में 6.2 बगोदर में 5.2 मिमी सहित अन्य इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार और शुक्रवार को राज्य भर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ बारिश, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। शुक्रवार को राज्य के उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है, जबकि राज्य के दक्षिणी पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी राज्य के कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में और सबसे कम तापमान 17.6 डिग्री लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। इससे दिन में धूप से कम गर्मी महसूस हुई।

### श्री श्याम मंदिर में चैत्र अमावस्या का भव्य महास्नान और हिंदू नव वर्ष का आरंभ



**रांची** : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज चैत्र अमावस्या का महास्नान विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका और कोषाध्यक्ष मनोज खेतान की उपस्थिति में मंदिर के आचार्य ने वैदिक मंत्रोचार के साथ बाबा श्री श्याम का स्नान कराया। सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए और 5:30 बजे मंगला आरती के बाद महास्नान की विधि प्रारंभ हुई। बाबा श्री श्याम को गंगाजल, गुलाब जल, शुद्ध जल, दूध और दही के मिश्रण से स्नान करवाया गया। इसके बाद गुलाब रूह से मसाज की गई। कोलकाता और बेंगलुरु से मंगाई गई ब्लू ऑर्किड, व्हाइट ऑर्किड और जिप्सी की मोटी मालाओं से बाबा का अनुपम श्रृंगार किया गया। 8:30 बजे आयोजित श्रृंगार आरती में हजारों भक्तजन उपस्थित रहे और जय जय जय खाटू के वासी एवं जय जय बाबा श्याम के मधुर भजनों से बाबा को रिझाया। इस अवसर पर मंदिर में बुंदिया प्रसाद भी वितरित किया गया। साथ ही नवरात्र के अवसर पर जगत जननी माता दुर्गा का अनुष्ठान मंदिर परिसर में विधि-विधान से आरंभ हुआ। इसके मुख्य यजमान बलवंत लाल, सुमन और कुमारी नीलमणि रहे। इस अवसर पर मंडल के अन्य पदाधिकारी और भक्तगण भी मौजूद थे।

### हजारीबाग के सहायक वन संरक्षक पर विभागीय कार्यवाही पर हाई कोर्ट की रोक

**रांची** : हाई कोर्ट ने हजारीबाग (पश्चिमी वन प्रमंडल) के सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के खिलाफ चल रही विभागीय कार्यवाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने मामले में प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का समय दिया। दरअसल अविनाश कुमार परमार ने अपने ही विभाग के वरीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने और उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनकी अंतरिम जांच रिपोर्ट को वन संरक्षक ने पांच माह तक दबाया रखा। उसके बाद क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक रविंद्र नाथ मिश्रा के निर्देश पर वन संरक्षक ममता प्रियदर्शी ने उसी आरोपी अधिकारी से रिपोर्ट की समीक्षा कराई, जिसके खिलाफ परमार ने कमिटी गठित की थी।

## एक नजर

### 127 वर्ष की आयु में संत बोरिया बाबा का निधन

**रजरप्पा** : महामंडलेश्वर अघोराचार्य हरे राम ब्रह्मचारी उर्फ बोरिया बाबा का 18 मार्च, अमावस्या के दिन 127 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर स्थित अपने आश्रम में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार उनकी समाधि भी उसी आश्रम परिसर में बनाई जाएगी। उनके निधन की खबर से देशभर में फैले अनुयायियों और संत समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।

### ब्रह्मभोज के लिए उपलब्ध कराई गई पूरी खाद्य सामग्री

**भुरकुंडा (रामगढ़)**: क्षेत्र में सामाजिक सरोकार का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है, जहां वीर अहीर सेवा समिति ने एक जरूरतमंद परिवार की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। रीवर साइड बुधबाजार, इमलीगाछ पंचायत में एक परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन के बाद उत्पन्न हुई आर्थिक कठिनाई को देखते हुए समिति ने आगे बढ़कर सहयोग किया।

### मॉडर्न किड्स पैराडाइज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद

**कोडरमा** : प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मॉडर्न किड्स पैराडाइज में आज 'ईद-उल-फितर' का पावन त्योहार अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विविधता में एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ईद के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व से अवगत कराया गया। उत्सव को और भी मीठा बनाने के लिए बच्चों को पारंपरिक सेवइयां खिलाई गईं, जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। साथ ही, शिक्षकों ने बच्चों को ईद से संबंधित सुंदर कविताएं और गीत सिखाए, जिससे वातावरण भक्ति और खुशी से सराबोर हो गया।

# रजरप्पा सिद्ध पीठ में चैत्र नवरात्रि की भव्य शुरूआत मां शैलपुत्री की पूजा, हवन-अनुष्ठानों से गूंजा पूरा क्षेत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रजरप्पा (रामगढ़)** : चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा सिद्ध पीठ मंदिर में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया।



अहले सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। रामगढ़ समेत आसपास के जिलों और दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे भक्त मां के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करते दिखे। भक्तों के चेहरों पर आस्था, विश्वास और उत्साह साफ झलक रहा था, वहीं ह्लजय माता दीह्व के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारियों ने मां शैलपुत्री की विशेष पूजा संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा।

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह हवन और विशेष पूजा-अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। हवन कुंडों में आहुति देने के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ इन अनुष्ठानों में भाग लेकर शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की कामना कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई है, वहीं साफ-सफाई, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नवरात्रि के नौ दिनों तक रजरप्पा सिद्ध पीठ मंदिर में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। जैसे-जैसे पर्व आगे बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण और अधिक प्रगाढ़ होता जाएगा।

## 9 दिवसीय श्री श्री 108 श्री शतचंडी सह वैष्णो देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : प्रखंड के कदोडीह पंचायत में 9 दिवसीय श्री श्री 108 श्री शतचंडी सह वैष्णो देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित दिनेशाचार्य, मुख्य अतिथि पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता पूर्व प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी, भा ज पा जिला मंत्री सह समाजसेवी राजकुमार यादव, समाज सेवी पोखराज प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी सह उप प्रमुख प्रतिनिधि जनार्दन यादव,अर्जुन यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने झंडा दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर ग्राम कदोडीह दरदाही, योगीडीह,बिचरिया, समेत अगल-बगल गांव की 751महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा कादोडीह स्थित चलखो पहाड़ी



स्थित नव निर्मित मां वैष्णो देवी मंदिर से निकल कर कदोडीह दरदाही होते हुए पन्दना जंगल स्थित उत्तर वाहिनी नदी पहुंची। जहां यज्ञाचार्ज पंडित दिनेशाचार्य, कादोडीह मंदिर के पुजारी निरंजन पांडे समेत यज्ञकार्य में लगे पंडितों ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोंचरण के बीच कलश में पवित्र जल भरवाया और कलश यात्रा पुनः उसी रास्ता से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। पूरे रास्ते में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रयाग सिंह ,उपाध्यक्ष बिहारी महतो, सचिव बद्रीराम कोषाध्यक्ष डुगन महतो, उप कोषाध्यक्ष सुशील राम, कार्तिक प्रसाद वर्मा आदि ने बताया कि महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक चलेगा। जिसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रवचन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिक प्रसाद वर्मा, जनार्दन महतो ,अर्जुन महतो , निरंजन पांडे,रमेश महतो, चंद्रदेव कुशवाहा, प्रदीप वर्मा ,कैलाश राणा ,राजेंद्र प्रसाद वर्मा ,बंसीलाल शर्मा, राजेश सिंह, उमेश सिंह, नागेश्वर प्रसाद वर्मा, संदीप वर्मा, जागेश्वर पासवान, दिनेश शर्मा, पिंटू शर्मा, वासुदेव राणा समेत कई ग्रामीण एवं यज्ञ समिति के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## 4 दिन पहले चोरी हुई यामाहा बरामद, युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू (रामगढ़)** : रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुजू में पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चार दिन पहले चोरी हुई यामाहा ंेबाइक भी बरामद की गई है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, आरा कांटा निवासी अमान अंसारी ने 14 मार्च 2026 को अपनी यामाहा ंे मोटरसाइकिल (संख्या खल्र 24ख 0467) चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। यह घटना तोपा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप हुई थी। शिकायत के बाद कुजू ओपी में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी।



इसी क्रम में 18 मार्च की रात लगभग 10 बजे कुजू डाइवर्जन के पास पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी बाइक की जांच की गई। जांच के दौरान बाइक के दस्तावेजों में संदेह होने पर जब सत्यापन किया गया, तो वह चोरी की पाई गई। आगे की जांच में पुष्टि हुई कि यह वही बाइक है, जिसकी चोरी की रिपोर्ट कुछ दिन पहले दर्ज की गई थी।

गिरफ्तार युवक की पहचान कुणाल कुमार (19 वर्ष) के रूप में हुई है, जो तोपा माइंस कॉलोनी का निवासी है। पुलिस पूछताछ में उसने पहले भी रामगढ़ थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, जिससे उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी सामने आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रायडीह आंगनबाड़ी केंद्र व उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चोरी की घटना

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायडीह में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र मे बुधवार रात को चोरी हुआ जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायडीह में चोरो ने जमकर उत्पात मचाया है। जहां चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय के सभी कक्षाओं में लगे दरवाजों को तोड़ते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका रंजू देवी ने बताई कि गुरुवार की सुबह उन्हें सूचना मिली की आंगनवाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके पश्चात वे आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची और जांच पड़ताल की तो पाया कि आंगनवाड़ी केंद्र का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था और अंदर में रखा बच्चों के खिलाने हेतु रखा हुआ खाद्य सामग्री तथा बर्तन गायब था। वहीं केंद्र में बच्चों के उपयोग के लिए रखी गई सारी दवाइयां जमीन पर बिखरी हुई थी। उन्होंने बताया कि केंद्र में बच्चों के खाने के लिए रखे हुए 1 महीने का खाद्द सामग्री को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है।

### रामनवमी व ईद पर्व को लेकर नवलशाही थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**मरकच्चो** : आगामी रामनवमी, ईद त्यौहार को लेकर गुरुवार को नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो, डोमचांच अंचल पुलिस निरिक्षक अरविंद कुमार,थाना प्रभारी सुमन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गई। जबकि बैठक का संचालन समाजसेवी किशोर यादव ने किया। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मनाने को लेकर विस्तार से चर्चाएं की गई।

### रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर डोमचांच थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**डोमचांच/ कोडरमा**: जिले के डोमचांच थाना थाना परिसर में दिन गुरुवार को समय 3 :00 बजे शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अभिमन्यु पडिहारी अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पाण्डेय, अंचल अधिकारी रविंद्र पाण्डेय, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव, नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा, उपाध्यक्ष आदर्श कुमार पंकज वार्ड पार्षद गुड़िया देवी मौजूद थे।

### बरकाकाना में सरहुल, ईद-उल-फितर और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**बरकाकाना (रामगढ़)**: सरहुल, ईद-उल-फितर और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरकाकाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आरक्षी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में तीनों प्रमुख त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी समन्वय बढ़ाने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं, जिन्हें मिलजुल कर मनाना आवश्यक है।

### हिंदू नव वर्ष के अवसर पर घर-घर, हर घर में राम भक्त हनुमान का झंडा लगाया जाय : महेश भारती

**कोडरमा**: जय श्री राम जय जय श्री राम नए वर्ष की नई शुरूआत नई जोश नई उमंग ,हिन्दू नव वर्ष के साथ ही हिंदू महापर्व चैती रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर घर घर हर घर में राम भक्त हनुमान श्री राम का झंडा लगाने के साथ ही कोडरमा बाजार गांधी चौक के पास प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से शौर्य प्रदर्शन एवं झांकी प्रतियोगिता सह सभी अखाड़ों को झण्डा मिलान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है। जिसको लेकर चैती काली मंदिर कोडरमा में जितने भी अखाड़ा समितियों के द्वारा झंडा मिलान, झांकी एवं शौर्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी अखाड़ा के लाइसेंस धारियों एवं राम भक्तों, कोडरमा रामनवमी महासमिति के सदस्यों की संयुक्त बैठक 22 मार्च दिन रविवार को समय संध्या 3 बजे से ध्वजाधारी आश्रम (पहाड़) के प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसमें सभी सम्मानित जानों को भाग लेने की अपील किया गया है। उक्त जानकारी कोडरमा रामनवमी महासमिति के महासचिव धरतीपुत्र महेश भारती ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए इस बार महासमिति की ओर से कोडरमा बाजार सहित पूरे नगर पंचायत में हर रोड चौक चौराहे पर झंडा बैनर पताका से पूरे शहर को पाट देने का काम किया जा रहा है जिसके लिए महासमिति के तमाम राम भक्त हनुमान तन मन के साथ लगे हुए हैं।

## देवी मण्डप में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : गुरुवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। वहीं झुमरी तिलैया के प्रसिद्ध देवी मंडप में पहले दिन भगवती जगदम्बा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा धूम धाम से की गई। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की भी शुरूआत हो गई है, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। खास बात यह है कि इस बार नवरात्रि पूरे 9 दिनों का रहने वाला है। जिससे कि भक्तों को माता जगदंबा की आराधना पूरे नौ दिन का करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वहीं गुरुवार को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही कलश स्थापित की गई। इस दौरान लोगों ने भक्ति भाव से मां की आराधना कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पांडे



ने बताया की इस बार देवी मंडप में कलश स्थापना का 101 वां वर्षगांठ भी मनाया जा रहा है। देवी मंडप में 1925 से ही कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस बार माता रानी का आगमन पालकी यानी कि डोली पर हुआ है। शास्त्रों के अनुसार, जब माता पालकी यानी की डोली पर आती हैं तो यह समाज में बदलाव और नई परिस्थितियों का संकेत माना जाता है। वहीं माता की विदाई हाथी पर होगी जो सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा का प्रतीक है। मान्यता है कि नवरात्रि में मां के अलग अलग स्वरूपों की आराधना करने से वह प्रसन्न होती हैं।

## हिंदू नववर्ष पर संघ का भव्य उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झुमरी तिलैया नगर द्वारा हिंदू नव वर्ष का उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के संस्थापक आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। साथ ही आज से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होता है, जिसे बसंती पूजा के रूप में भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

## भव्य स्वर्वेद यात्रा से गूंजा झुमरीतिलैया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : भारतीय नव वर्ष के पावन अवसर पर गुरुवार (19 मार्च 2026, चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083) को सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में भव्य विश्वव्यापी स्वर्वेद यात्रा का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक यात्रा ने पूरे शहर को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

यात्रा की शुरूआत माहुरी धर्मशाला से हुई, जो झंडा चौक, ओवरब्रिज, जवाहर टॉकिज और गांधी स्कूल होते हुए सदगुरु सदाफल देव आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में गुरुभाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में स्वर्वेद के पदों और मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे वातावरण पूरी




तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं के हाथों में ह्लअह्व अंकित श्वेत ध्वज एवं स्वर्वेद गुटका था, वहीं बहनों ने सिर पर स्वर्वेद ग्रंथ रखकर अपनी आस्था प्रकट की।

संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार करना है। ओमप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व भय, अशांति और सामाजिक बुराइयों से जूझ रहा है, ऐसे में स्वर्वेद के मंत्रों एवं साधना के माध्यम से समाज में शांति, प्रेम और समृद्धि स्थापित की जा सकती है। यात्रा सम्पन्न होने के उपरांत आश्रम परिसर में सत्संग का आयोजन किया गया। वंदना, आरती एवं शांति पाठ के पश्चात झुमरीतिलैया नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश हर्षधर को ओम प्रकाश द्विवेदी एवं अरविंद भदानी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वार्ड 23, 25 एवं 13 के नवनिर्वाचित पार्षदों-ज्योति शुक्ला, सरिता मोदी एवं उदय सिंह-को भी सम्मानित किया गया।

## गोला में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रविण तोगड़िया का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं ने जयकारों के बीच किया सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोला (रामगढ़)** : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रसिद्ध कैंसर सर्जन प्रविण तोगड़िया के झारखंड दौरे के दौरान गुरुवार को गोला में उनका भव्य स्वागत किया गया। जैना मोड़ (बोकारो) से रामगढ़ जाने के क्रम में गोला स्थित डाक बंगला परिसर में स्थानीय हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने उन्हें सम्मानित किया।



डाक बंगला पहुंचने पर कार्यकताओं ने तिलक लगाकर, फूल-मालाओं और भगवा अंगवस्त्र के साथ तोगड़िया का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ह्लजय श्री रामह्व के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा और माहौल उत्साहपूर्ण बन गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका अभिनंदन किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रविण तोगड़िया ने हिंदू समाज की एकता, सुरक्षा और जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और सजग रहने की आवश्यकता है। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि बहन-बेटियों को शिक्षित और सतर्क बनाना जरूरी है, जिससे वे किसी भी प्रकार के भ्रामक जाल में न फंसें।

उन्होंने आगे कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने के लिए नियमित रूप से सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। इसी क्रम में उन्होंने सप्ताह में मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। स्वागत कार्यक्रम में दिवाकर चक्रवर्ती, सुकर महतो, लखन प्रसाद अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार, प्रयाग साव, संतोष साव, परितोष पोद्दार, अष्टमी कुमारी, दुर्गा कुमारी, पायल कुमारी, राधा रानी, नमिता कुमार, सोनी कुमारी, रानी, मनीषा, होलिका और हेमंती सहित कई लोग मौजूद रहे।

इस आयोजन के माध्यम से न केवल संगठनात्मक एकता का प्रदर्शन हुआ, बल्कि समाज में जागरूकता और समरसता का संदेश भी प्रसारित किया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि: दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को मिली (CISCE) की मान्यता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चंदवारा** : तिलैया डैम रोड स्थित दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स (सीआईएससीई), नई दिल्ली से आधिकारिक संबद्धता प्राप्त हो गई है। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रबंधन ने इसकी जानकारी देते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस संबद्धता के बाद विद्यालय अब क्षेत्र में आईसीएसई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले प्रमुख संस्थानों में शामिल हो गया है। इससे स्थानीय छात्रों को अपने ही क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण एवं मानक-आधारित शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे अभिभावकों को भी काफी राहत मिलेगी।




प्रेस वार्ता के दौरान विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार ने कहा कि सीआईएससीई से संबद्धता प्राप्त करना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इससे न केवल विद्यालय की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी, बल्कि छात्रों को आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।वहीं विद्यालय की प्रिंसिपल किरण ठाकुर ने बताया कि आईसीएसई पाठ्यक्रम अपनी शैक्षणिक गहराई, व्यापक संरचना एवं अनुप्रयोग-आधारित अध्ययन पद्धति के लिए जाना जाता है। इसके माध्यम से छात्रों में विश्लेषणात्मक क्षमता, तार्किक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है। साथ ही अंग्रेजी भाषा पर मजबूत पकड़ विद्यार्थियों को प्रभावी संप्रेषण एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है।उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय में परियोजना आधारित अध्ययन, सतत एवं संतुलित मूल्यांकन प्रणाली तथा प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे छात्रों में विषयों की गहरी समझ, समस्या समाधान क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त, आधुनिक एवं मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

## विद्यालय के खेल मैदान के चारदीवारी, छात्रावास की मरम्मती, कम्युनिटी हॉल व शौचालय निर्माण का किया मांग

# कुकडू विद्यालय के शिक्षकों के वेतन मुद्दे पर विधायक सविता महतो ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत चांडिल डैम के पुनर्वास स्थल कुकडू में संचालित शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय के शिक्षकों को वेतन प्रदान को लेकर विधायक सविता महतो ने विद्यालय के प्रतिनिधिमंडल संग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चालू सत्र के अंतिम दिन रांची में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधायक ने कहा कि शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकडू के शिक्षकों द्वारा विगत दो दशकों से शिक्षक के तौरपर अपनी सेवा दे रहे हैं परंतु अस्थायी सेवारत शिक्षक एवं कर्मचारियों का पारिश्रमिक राशि का कोई आंकलन आज तक नहीं किया गया है। उन्होंने ज्ञापन में वर्णित तथ्यों एवं शिक्षकों की पारिश्रमिक राशि प्रदान करने तथा अन्य समस्याओं पर सहानुभूती दशार्ते हुए उनके लिए न्यायोचित निर्णय लेने तथा सम्मानजनक मानदेय प्रदान करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आदेश देने का मांग किया है। साथ ही खेल मैदान के चारदीवारी, छात्रावास की मरम्मती, कम्युनिटी हॉल व शौचालय निर्माण का भी मांग किया है। मालूम हो कि स्वर्णरेखा बहुउद्देशियों परियोजना चांडिल जलाशय योजना के तहत डुबी क्षेत्र में प्रभावित विस्थापितो, दलितों, आदिवासियों के पारदर्शिता सुनिश्चित शिक्षा मुहैया कराने हेतु पुनर्वास स्थल कुकडू पर शाहिद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकडू की स्थापना वर्ष 1993 में किया गया है। वही विगत 5 वर्षों से विद्यालय के विस्थापित दलित आदिवासी परिवार के बच्चियों को साइकिल अनुदान व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ भी नहीं मिला है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष कित्तीवास महतो, शाहिद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकडू के शिक्षक राम प्रसाद कुम्हार, पीतांबर महतो, सोनू रजक, वरुण चंद्र महतो, मुकुंद लोहरा, गुरुपद प्रामाणिक, सुषेण कुम्हार, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, स्नेहा महतो आदि उपस्थित थे।

## मानगो में गहराया जल संकट, टैंकर से आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि जिन इलाकों में पिछले 10 से 15 दिनों से पेयजलापूर्ति ठप है, वहां तत्काल टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए। सरयू राय ने बताया कि उन्हें लगातार स्थानीय लोगों से शिकायतें मिल रही हैं, जिन्हें उन्होंने वाट्सएप और एक्स के जरिए उपायुक्त तक भी पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि जब इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया गया था, तब सरकार की ओर से यह दावा किया गया कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में सभी जगह नियमित जलापूर्ति हो रही है, लेकिन अब जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग सामने आ रही है।

## नवनियुक्त भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष कृष्णपद सिंह का स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के लावा निताई सिंह भवन में गुरुवार को भाजपा की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा पटमदा मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष कृष्णपद सिंह का स्वागत गर्मजोशी के साथ किया गया। इस दौरान पार्टी के नेता व कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला व भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संबोधन में भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन झूठ का सहारा लेकर सत्ता में विराजमान हैं। चुनाव के पहले जो भी वादा किया । आज तक एक भी पूरा नही कर पाई। ऐसे सरकार के खिलाफ मजबूती के साथ विरोध करने की जरूरत है। उन्होंने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष को पार्टी के सभी नए पुराने कार्यकताओं को साथ में लेकर चलने का आग्रह किया है। मंडल अध्यक्ष कृष्णपद सिंह ने कहा कि बहुत जल्द मंडल के सभी 59 बूथों के कार्यकताओं के साथ पुनः बैठक कर संगठन मजबूती पर विचार विमर्श करेंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, मुचीराम बाउरी, मंटू चरण दत्ता, शरत सिंह सरदार, महावीर महतो, निरंजन रजक, देवेंद्र कुंभकार, अजय प्रमाणिक, हिमांशु महतो, शशांख शेखर प्रमाणिक समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सरई फूल महोत्सव में अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र के कलाकार हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** चिलदाग स्कूल मैदान में प्रकृति पर्व सरहुल के पावन अवसर पर आयोजित सरई फूल महोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित हुए। इस दौरान लोक संस्कृति, परंपरा और कला को बढ़ावा देने वाले कलाकारों के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही समाज में सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए कलाकारों को प्रेरित किया गया। सम्मानित होने वाले गायकों मसहुर कलाकार मजबुल खान, कुमार तनु, केशव केसरिया, अजय आर्या, अजय देवघरिया, पूनम कच्छप संजय रिझवार, महानंद ढाक नगाड़ा ग्रुप, लॉक कला मंच बीसा, बांसुरी वादक प्रीतम महतो,दीवाना म्यूजिकल ग्रुप सहित क्षेत्र के अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। यह महोत्सव क्षेत्रीय कला और संस्कृति को एक नई पहचान देने का सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी विशिष्ट अतिथि डॉ युगेश कुमार महतो प्रथम वर्ष ' सरई फूल महोत्सव ' को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष रामसाय मुंडा, सचिव पन्नालाल महतो, कोषाध्यक्ष संजय नायक, संरक्षक जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, बिपीन मुंडा, जलेश जुगनू, सुनील महतो, दीपक महतो, संजय महतो ,दुर्योधन नायक, चांदनी नायक, मंजू कौरियार सहित अन्य का अहम योगदान रहा।

## उपायुक्त ने की लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** आने वाले दिनों में होने वाले ईद, सरहुल, रामनवमी आदि के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर लिए नगर भवन खूंटी में गुरुवार को उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचारों को सुनने के बाद उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान प्रशासन की ओर से पानी, बिजली, चिकित्सा, सुरक्षा सहित अन्य सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन देते हुए लोगों से त्योहारों के दौरान शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले से जिस प्रकार त्यौहार मनाते आए हैं, उसी परंपरा के अनुसार इस बार भी त्योहार पानी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उपायुक्त ने कहा कि सरहुल और रामनवमी शोभायात्रा के परंपरागत रूट में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यह जिला प्रशासन के साथ ही राज्य सरकार का भी निर्देश है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शोभायात्रा की रूट का मुआयना कर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया, ताकि शोभा यात्रा में कोई व्यवधान ना पड़े। साथ ही संबंधित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से समिति के लोगों से संपर्क बनाए रखने का निर्देश दिया ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

**सोशल मीडिया पर कड़ी नजर**

एसपी मनीष टोप्पो ने भी सभी से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना है। उन्होंने समिति के लोगों से अपील किया कि अपने स्तर से वॉलिंटियर्स की नियुक्ति कर त्योहारों में सक्रिय रहें और किसी भी घटना की सूचना अविलंब प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को त्योहारों से पूर्व अवैध रूप से संचालित शराब भट्टियों पर कारगर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन लाइन होटलों में अवैध से रूप से शराब परोसा जाता है, वैसे लाइन होटलों पर भी कार्रवाई का निर्देश दिया।

## लोको पायलटों को दिया गया जीवन रक्षक प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से गुरुवार को इलेक्ट्रिक लोको पायलट प्रशिक्षण केंद्र में लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें एंबुलेंस सेवा के प्रभावी उपयोग, बेसिक लाइफ सपोर्ट तथा आपात स्थिति में त्वरित बचाव के व्यावहारिक तरीका सिखाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने की। उन्होंने गोल्डन आवर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में यदि सही तरीके से प्राथमिक उपचार और सहायता दी जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डायल 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं के बीच अंतर और उनके उचित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि 102 एंबुलेंस मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की आपात स्थिति के लिए उपयोगी है, जबकि 108 एंबुलेंस गंभीर दुर्घटनाओं, हार्ट अटैक या अत्यधिक रक्तस्राव जैसी स्थितियों में जीवन रक्षक सेवा प्रदान करती है। साथ ही यह भी समझाया गया कि 108 एंबुलेंस में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट की सुविधा उपलब्ध होती है, जबकि 102 में बेसिक लाइफ सपोर्ट की व्यवस्था रहती है। प्रशिक्षण के दौरान सिविल डिफेंस के डेमोंस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह और कल्याण कुमार साहू ने फायर एक्सटिंग्विशर के इस्तेमाल, एलपीजी गैस रिसाव से लगी आग पर नियंत्रण पाने के उपाय, अस्थायी स्ट्रेचर बनाने की तकनीक और घायलों को सुरक्षित तरीके से एंबुलेंस तक पहुंचाने की विधियां व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित कीं। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर, रांची, आद्रा और खड़गपुर मंडल से आए लगभग 200 लोको पायलट और सहायक लोको पायलट मौजूद थे।

## लातेहार में भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के कोमो जंगल के पास मुख्य पथ पर एक संदिग्ध ट्रक खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ छुपा कर रखे गए हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर अंचल अधिकारी नंदकुमार राम और पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और वाहन की जांच की गई। ट्रक में बोरियों में भरकर मवेशियों को खाने वाला चारा रखा हुआ था। जब बोरियों को खोलकर देखा गया तो उसके अंदर पैकेट में बंद गांजा बरामद हुए। पुलिस के द्वारा जब सभी बोरियों को खोला गया तो लगभग 150 पैकेट से अधिक गांजा बरामद किया गया।


पत्रांक .................

झारखण्ड सरकार, श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,सिमडेगा

पिन कोड–835235 Email ID- principal.itisimdega@gmail.com

**Private Candidates के नामांकन के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–357, दिनांक–16.03.2026 के आलोक में सूचित किया जाता है कि NCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में शैक्षणिक सत्र 2025 में व्यवसायवार कुल सीटों का 10% के विरूद्ध Private Candidates (महिला सहित) जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणों में आते हैं, Spot Round Admission के तहत् First Come First Serve के आधार पर नियमानुसार नामांकन लिया जाना है, जिसकी अंतिम तिथिः–20/03/ 2026 तक है।

**नामांकन हेतु प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवश्यक योग्यता एवं शर्त्ते**

1. **Category- I**:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई०टी०आई० से उत्तीर्ण एवं Apprenticeship या मान्यता प्राप्त संस्थान/ प्रतिष्ठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
2. **Category- II**:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई०टी०आई० से CoE Scheme के अन्तर्गत संचालित व्यवसायों से उत्तीर्ण एवं Apprentice ship या मान्यता प्राप्त संस्थान/ प्रतिष्ठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
3. **Category- III**:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई०टी०आई० से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उत्तीर्ण (जिसका नामांकन अगस्त 2018 तक एवं पूर्व में हुआ हो) तथा One Year Apprenticeship.
4. **Category- IV**:-मान्यता प्राप्त किसी भी आई०टी०आई० से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उत्तीर्ण (जिसका नामांकन वर्श 2019 के बाद लिया गया हो) One Year Apprenticeship या वैसे अभ्यर्थी जो 8वीं/10वीं उत्तीर्ण हैं तथा मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रतिष्ठान से 03 वर्षों का संबंधित व्यवसायों का कार्य अनुभव प्रमाण –पत्र आव यक है।
5. **आयु–अहर्ता**:–Category IV: के लिए नामांकन के समय न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है तथा अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।
6. दिव्यांग जनों हेतु दिव्यांगता न्यूनतम 40% अनिवार्य हैं।
7. विस्तृत विवरणी एवं अधिसूचना ITI Portal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Home Page में Latest News एवं Notification Section में देखा जा सकता है।
8. **व्यवसायवार रिक्त सीटों की विवरणीः–**

| # | Institute | Trade | Total Seat | PH | Vacant Seat | Vacant Seat Under Private Candidates |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt ITI Simdega | Electrician | 20 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | | Fitter | 20 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | | Machinist | 20 | 1 | 1 | 1 |
| 4 | | M.M.V. | 24 | 1 | 1 | 1 |
| 5 | | Wireman | 20 | 1 | 1 | 1 |
| 6 | | Plumber | 24 | 1 | 5 | 2 |
| 7 | | Welder | 20 | 1 | 1 | 1 |

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा

PR.NO.375560 Simdega(25-26):D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग**

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

सरकार के सचिव ,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (प ुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 54रा0 (विभाग) दिनांक 11.03.2026 के आलोक मे वित्तीय वर्ष 2025–26 के तहत् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत भेंड पालन की नई योजना ग्रामीण स्तर पर युवाओं/युवतियों को स्वानियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक पशुपालक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**योजना का विवरण निम्नवत् है :–**

| क0 सं0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | अनुदान राशि | कुल लक्ष्य | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 1 | भेंड पालन की योजना (08+02) | 49600/– | 75%- 37200-00 | 95 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% -44640-00 | 54 | अनुसूचित जाति/ जनजाति/ असाहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग /निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| कुल योग– | | | | 149 | |

**लाभुको का चयन हेतु अर्हता एवं प्राकिया :–**

- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ ग्राम सभा के द्वारा सुयोग्य लाभुकों का आवेदन सृजन किया जायेगा ।
- लाभुकों का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा ।
- पंचायत / ग्राम सभा से सृजित लाभुकों के आवेदन पर प्रखण्ड स्तरीय अनुमोदन समिति के अनुशंसा उपरांत अंतिम स्तर पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।
- 75% के अनुदान की योजना का लाभ जिले के सभी वर्ग के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- 90% अनुदान की योजना का लाभ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/ निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो को लाभ दिया जायेगा।
- सूकर विकास की योजना/बैकयार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) /ब्रायलर कुक्कुट पालन (500 ब्रायलर रेयरिंग युनिट) के योजना के लाभुकों का गृह निर्माण मनरेगा अभिसरण के तहत् किया जायेगा।
- विगत पांच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अंतर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- सभी योजनाओं के अनुदान की राशि Escrow Account खोला जायेगा एवं अनुदान राशि संबंधित खाता हस्तांतरित किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति /ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान राशि अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को Escrow Account में जमा कराना अनिर्वाय होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि संबंधित खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तत्प चात लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पशुधन /पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि 25.03.2026 ।
- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/ भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त करेंगे।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.375618 Animal Husbandry(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–124/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.03.2026 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2026 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2026 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day Maintenance of Garden and Gamla with Lown for Hon'ble Judge's Bungalow No.-2 (Old) & 6, (Old) at Doranda Ranchi (High Court Pool) (Period 01-04-2026 to 31-03 2027). | 4645800 | 93000 | 5000 | 12 Months |
| 2 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawns and Gamla for Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No.-12 and Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No.-19 at Doranda Ranchi (High Court Pool) (Period 01-04-2026 to 31-03 2027). | 3805600 | 76200 | 5000 | 12 Months |
| 3 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn and Gamla for Hon'ble Judges Bungalow No. -119 and Rajendra Chowk Bungalow No. -3 at Doranda Ranchi (High Court Pool) (Period 01-04-2026 to 31-03 2027). | 4971300 | 99500 | 5000 | 12 Months |
| 4 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-B, Ranchi. (Period 01-04-2026 to 31-03 2027) | 4991400 | 99900 | 5000 | 12 Months |
| 5 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-A, Ranchi. (Period 01-04-2026 to 31-03 2027) | 4993100 | 99900 | 5000 | 12 Months |
| 6 | Plantation and Maintenance of Garden of Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi (Period 01-04-2026 to 31-03 2027). | 3344500 | 66900 | 5000 | 12 Months |
| 7 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn, Gamla and Sanitary Installation works for State Guest House at Circular Road, Ranchi. (Period 01 -04-2026 to 31 -03 2027) | 2802500 | 56100 | 5000 | 12 Months |
| 8 | Plantation and Maintenance of Garden for the Campus of Old SDO & RDC Residence in Residential & Office Area (Occupied by Present C.M.) at Mayer's Road, Ranchi (Period 01-04-2026 to 31-03 2027). | 4642800 | 92900 | 5000 | 12 Months |
| 9 | Day to Day Mai ntenance work in Old SDO & RDC Resident (Occupied by Present Hon'ble C.M.) at Kanke Road, Ranchi (Period 01 -04-2026 to 31 -03 2027). | 4621200 | 92500 | 5000 | 12 Months |
| 10 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of C.M. Secretariate at Kanke Road (Peri od 01 -04-2026 to 31-03 2027). | 2717400 | 54400 | 5000 | 12 Months |
| 11 | Day to Day Maintenance in Combined Office Building B.C.D. & C.N.C. Ranchi. (Period 1 April 2026 to 31 March 2027). | 4570300 | 91500 | 5000 | 12 Months |
| 12 | Day to Day Maintenance & Small Repair of Hon 'ble Judges Bungalow, High Court Staff Quarter and other buildings under High Court Pool at Doranda, Ranchi for the year 2026 -27 (High Court Pool) (Period 01 - 04-2026 to 31-03-2027) | 1878000 | 37600 | 5000 | 12 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 375649 Building(25-26)D



**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, सिमडेगा**

पत्रांक ................./सिमडेगा, दिनांक ........................./

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सिमडेगा जिलान्तर्गत हेतू उच्च गुणवक्ता युक्त निम्न विवरणी अनुसार क्रय हेतु आपूर्ति प्रतिश्ठित निर्माताओं/फर्मों/अधिकृत विक्रेता से निम्नांकित शर्तों के साथ मुहरबन्द निविदा दिनांक 28.03.2026 के अपराहन 03:00 बजे तक सिविल सर्जन, कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | MICRO CHIP ELECTROPHORESIS BASED TESTING MACHINE FOR SICKLE CELL AND BETA THALASSEMIA COMBINED SCREENING TEST MACHINE & TEST KITS. |
| 2 | Date of Publication of Tender | 19.03.2026 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 30.03.2026 latest by 03.00 P.M. |
| 5 | Date/Time for receipt of bids | 19.03.2026 to 28.03.2026 By 3:00 PM |
| 6 | EMD | 25,000.00 |
| 7 | Tender Fee | 2000/-(Rs. Two Thousand only) in favour of Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Simdega |
| 8 | Tender Fee, EMD & Hard Copy of Affidavit should be Submitted In Office of Civil Surgeon-cum-CMO Simdega | Last Dated of EMD, Tender Fee & Affidavit Submission Time:03.00PM Dated 28.03.2026 |
| 9 | Tender Opening Date | 30.03.2026 at 11:00 AM |

निविदा की शर्तें मशीन उपकरण, सामग्री की सूची एवं विवरणी www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:

- Tender / Contractor / Bidder are advised to follow the instructions provide in the 'Instructions to the Contractors / Tender / Bidders for the E-submission of the bids online through Portal at www.gem.gov.in
- The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, सिमडेगा

PR 375665 Simdega(25-26)D

## प्रकृति की नन्हीं दूत है चिड़िया

विश्व गौरैया दिवस नन्हीं घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए अपने आसपास के माहौल को बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और उसपर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दशार्ती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुतीर्ले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्हीं चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपट कर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव-देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते हैं। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भागदौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके। गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है।

# गौरैया का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

**ललित गर्ग**

एक समय था जब सुबह की शुरूआत घर-आंगन में चहकती गौरैया की मधुर ध्वनि से होती थी। यह नन्हीं चिड़िया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे जीवन, संस्कृति और संवेदनाओं का अभिन्न हिस्सा थी। बच्चों के बचपन की साथी, घरों की रौनक और प्रकृति की जीवंतता का प्रतीक-वही गौरैया आज हमारे आसपास से लगभग लुप्त होती जा रही है। यह केवल एक पक्षी के कम होने की कहानी नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच बिगड़ते संतुलन का संकेत है। विश्व गौरैया दिवस हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, ताकि इस छोटी-सी चिड़िया के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके। वर्ष 2026 की थीम व्यापक रूप से ह्लमानव और प्रकृति का सह-अस्तित्वह्व की भावना को आगे बढ़ाने वाली मानी जा रही है, जो यह संदेश देती है कि यदि हम प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो न केवल गौरैया, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र संकट में पड़ जाएगा। गौरैया का जीवन मनुष्य के बेहद करीब रहा है। उसने हमारे घरों की छतों, खिड़कियों, रोशनदानों और पेड़ों पर अपने घोंसले बनाए। वह हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनी रही। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ ने उसे धीरे-धीरे उसके आश्रयों से बेदखल कर दिया। आज कंक्रीट के जंगलों में न तो



उसके लिए घोंसले बनाने की जगह बची है और न ही उसके भोजन के स्रोत।

गौरैया की घटती संख्या के पीछे कई कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है बदलती जीवनशैली। पहले घरों में खुले स्थान होते थे, मिट्टी के आंगन होते थे, छतों पर अनाज सुखाया जाता था और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था स्वाभाविक रूप से होती थी। आज सब कुछ बंद कमरों और चमचमाती इमारतों में सिमट गया है। इससे गौरैया का प्राकृतिक निवास समाप्त हो गया है। इसके साथ ही कीटनाशकों और रासायनिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग भी एक बड़ा कारण है। गौरैया के बच्चे प्रारंभिक दिनों में कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन आधुनिक खेती और बागवानी में रसायनों के बढ़ते उपयोग ने इन कीटों को ही समाप्त कर दिया है। परिणामस्वरूप गौरैया के बच्चों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता और उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगों को भी गौरैया के लिए हानिकारक माना जाता है। ये तरंगें उनके नेविगेशन और प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती हैं। यद्यपि इस पर वैज्ञानिक शोध अभी जारी हैं, लेकिन यह निश्चित है कि बढ़ता तकनीकी प्रदूषण पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। जलवायु परिवर्तन भी गौरैया के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान और मौसम के अनियमित बदलाव उनके जीवन चक्र को बाधित कर रहे हैं। इससे उनके प्रजनन और जीवन की स्थिरता प्रभावित होती है।

गौरैया का संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता का भी परिणाम है। हम धीरे-धीरे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। हमारी प्राथमिकताएं बदल गई हैं और हमने अपने आसपास के जीवों के प्रति संवेदनशीलता खो दी है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि जब मनुष्य प्रकृति से कटता है, तो उसका अपना अस्तित्व भी संकट में पड़ जाता है। गौरैया का संरक्षण केवल एक पक्षी को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, हमारी संस्कृति और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। इसके लिए हमें छोटे-छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले हमें अपने घरों और आसपास ऐसे स्थान बनाने होंगे, जहां गौरैया आसानी से घोंसला बना सके। आज बाजार में कृत्रिम घोंसले उपलब्ध हैं, जिन्हें घरों की बालकनी, दीवारों या पेड़ों पर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हमें नियमित रूप से दाना और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। यह एक छोटी-सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है। हमें अपने बगीचों और आसपास के क्षेत्रों में देशी पौधों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि कीट-पतंगों की संख्या बढ़े और गौरैया को प्राकृतिक भोजन मिल सके। जैविक खेती और रसायनों के कम उपयोग को अपनाकर भी हम इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

बच्चों में भी प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता विकसित करना आवश्यक है। उन्हें यह समझाना होगा कि पक्षी केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे जीवन के साथी हैं। यदि बचपन से ही यह भावना विकसित होगी, तो भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा। सरकार और सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पक्षियों के संरक्षण के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी, शोध को बढ़ावा देना होगा और जन-जागरूकता अभियानों को व्यापक बनाना होगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक मंचों पर इस विषय को प्रमुखता से उठाना होगा। गौरैया हमें यह सिखाती है कि जीवन में सरलता, सामंजस्य और संतुलन कितना महत्वपूर्ण है। वह बिना किसी शोर-शराबे के अपने अस्तित्व को बनाए रखने की कोशिश करती है। लेकिन जब उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमने कहीं न कहीं प्रकृति के साथ अन्याय किया है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी सोच को बदलें। हम यह समझें कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। यह सभी जीवों की साझी धरोहर है। यदि हम इसे केवल अपने स्वार्थ के लिए उपयोग करेंगे, तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमारे पास कुछ भी शेष नहीं रहेगा।

विश्व गौरैया दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम अपने भीतर झांकें और यह सोचें कि हम प्रकृति के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक संकल्प का दिन होना चाहिए-एक ऐसा संकल्प, जिसमें हर व्यक्ति यह निश्चय करे कि वह अपने स्तर पर प्रकृति और जीवों की रक्षा के लिए प्रयास करेगा। यदि हर घर एक छोटा-सा आश्रय बन जाए, हर आंगन में दाना-पानी की व्यवस्था हो जाए और हर मन में संवेदनशीलता जाग जाए, तो गौरैया फिर से लौट सकती है। उसकी चहचहाहट फिर से हमारे जीवन में खुशियां भर सकती है। अंततः, गौरैया को बचाना हमारे अपने अस्तित्व को बचाना है। यह एक छोटा-सा कदम है, लेकिन इसके पीछे छिपा संदेश बहुत बड़ा है-प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही मानव जीवन सुरक्षित और सुखद हो सकता है। अब समय आ गया है कि हम जागें, समझें और अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गौरैया की मधुर चहचहाहट को सुन सकें और प्रकृति की इस अनमोल धरोहर को सहेज सकें।

# ब्रह्मचारिणी माता की आराधना से तप, त्याग, वैराग्य, आदि गुणों की वृद्धि होती है

**विजय केसरी**

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की विशेष रूप से आराधना की जाती है। सच्चे अर्थों में नवरात्र दुर्गा माता की उपासना का सबसे सर्वोत्तम समय होता है । ब्रह्मचारिणी माता की आराधना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम आदि गुणों की वृद्धि होती है। इनकी उपासना से मनुष्य के जीवन के कठिन संघर्षों में भी उनका मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता है। माता की उपासना अनंत फल देने वाली होती है। माता ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उनके भक्तों को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। इसलिए शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन बहुत ही विधि विधान व निर्मल मन से माता ब्रह्मचारिणी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी माता का यह स्वरूप बहुत ही कल्याणकारी है। भक्तों को माता के इस स्वरूप का ध्यान कर उनकी उपासना करनी चाहिए। अगर भक्त अपने जीवन को आध्यात्मिकता की ओर ले जाना चाहता है, तो उसके लिए ब्रह्मचारिणी की उपासना ही सर्वोत्तम मार्ग होगा। देवी पुराण में वर्णन है कि ब्रह्मचारिणी माता के इस स्वरूप की आराधना करने से साधक में तप,त्याग, वैराग्य, सदाचार संयम आदि गुणों की वृद्धि होती है।

हमारे ऋषि मुनियों ने हिंदू धर्म ग्रंथो में दर्ज किया है कि आध्यात्मिक मार्ग ही मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाता है । यहां देवत्व के अर्थ को समझने की जरूरत है। मनुष्य का जन्म देवत्व की प्राप्ति के लिए ही होता है। एक मनुष्य का जन्म ईश्वर की कृपा से ही संभव होता है, मनुष्य अपने आध्यात्मिक गुणों को विकसित कर ही देवत्व को प्राप्त कर पता है। यहां यह समझना जरूरी हो जाता है कि एक मनुष्य की योनि सभी योनियों में सर्वोत्तम में क्यों है? इसके साथ ही मनुष्य का जन्म बार-बार मनुष्य के रूम में क्यों हो रहा है? हमारे धर्म ग्रंथो में वर्णन है कि आवागमन के इस चक्र से मुक्ति के लिए मनुष्य का जन्म अनंत काल से होता आ रहा है। मनुष्य का यह अनंत काल से जन्म और मृत्यु, मोक्ष प्राप्ति के लिए ही होता रहता है। जो मनुष्य इस गुढ़ रहस्य को समझ लेता है।वह ब्रह्मचारिणी माता की आराधना में रत होकर खुद को देवत्व में परिवर्तित कर लेता है।

ब्रह्मचारिणी माता का नाम ब्रह्मचारिणी इसलिए पड़ा कि माता पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए ऐसी घोर तपस्या की थीं। इसलिए माता तप की चारिणी के नाम से जाना जानी लगी। माता का यह जन्म संपूर्णता में तप को समर्पित रहा था। इस कठिन तप चर्या के कारण ही माता का नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा था। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। हमारे हिंदू धर्म के वेद में वर्णन है कि 'वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म' अर्थात वेद, तत्व और तप ब्रह्म शब्द के ही अर्थ हैं। देवी उपासकों को यह जानना चाहिए कि ब्रह्मचारिणी माता का यह स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत मोहक हैं। मां के इस स्वरूप को ध्यान में रखकर उनकी की आराधना करनी चाहिए।

ब्रह्मचारिणी माता का यह स्वरूप पूर्ण रूप से ज्योतिर्मय है। माता के इस स्वरूप को जो भी साधक ध्यान में रखकर उनकी उपासना करते हैं, उनमें तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। माता का यह स्वरूप बहुत ही निराला और मोहक है। माता का परिधान बिल्कुल शंख के समान सफेद है। माता के चेहरे पर एक विशेष प्रकार की मुस्कान परीक्षित होती रहती है। माता के दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडलु सुशोभित होता रहता है। माता के इस स्वरूप को देखने और ध्यान करने से मनुष्य का मन माता के परिधान के अनुरूप निर्मल हो जाता है। माता के कमंडलु को में जो जल है, यह जल संजीवनी का प्रतीक है, जो मनुष्य के कई जन्मों के पापों को नष्ट कर देता है। इसलिए ब्रह्मचारिणी माता के साधकों को यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जब माता ब्रह्मचारिणी की उपासना कर रहे हों ,तब मन मस्तिष्क में किसी दूसरे विचार को प्रवेश नहीं करने देना चाहिए।मन मस्तिष्क में कई तरह के विचार आते रहते हैं। यह मां का स्वभाव है। इससे तनिक भी विचलित होने की जरूरत नहीं है। बल्कि साधक को अपने विचार सिर्फ माता ब्रह्मचारिणी पर ही केंद्रित रखना चाहिए। ध्यान के निरंतर अभ्यास से यह संभव है। जब माता पर ध्यान पूरी तरह केंद्रित हो जाएगा, तब मनुष्य में जो परमानंद की अनुभूति होगी, उसे शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। माता के दाहिने हाथ में जो यह माला दिखाई पड़ती है, यह माला निरंतर अपनी गति के साथ आगे बढ़ती ही रहती है। यह माला हम सबों को यह संदेश देती है कि यह जीवन बहुत ही अनमोल है। इसका एक-एक पल बहुत ही मूल्यवान है। इसलिए हर एक मनुष्य को अपने इस अनमोल जीवन के महत्व को समझना चाहिए और उसका खर्च उसी अनुरूप में करना चाहिए। ताकि एक भी पल व्यर्थ न जाए। अपने सभी कामों को करते हुए हमेशा परमपिता परमेश्वर पर ध्यान होना चाहिए। ब्रह्मचारिणी माता की माला बिना रुके शिवत्व की प्राप्ति की ओर निरंतर रत रहती है। उसी प्रकार हम सबों का जीवन भी ईश्वर के नाम के साथ आगे बढ़ता ही रहना चाहिए।

देवी पुराण में वर्णन है कि माता पार्वती जब हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थी। तब नारद के उपदेश पर उन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अत्यंत कठिन तपस्या की थी। उन्होंने एक हजार वर्षों तक केवल फल - फूल खाकर भगवान शंकर की आराधना की थी। आगे उन्होंने सौ वर्षों तक केवल शाक पर निर्वाह किया था।? माता पार्वती उपवास रखते हुए खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के भयानक कष्ट को सहती रही थीं। आगे ऐसा वर्णन है कि माता पार्वती तीन हजार वर्षों तक केवल जमीन पर टूट कर गिरे बेल पत्रों को खाकर भगवान शंकर की आराधना की थी । उनकी आराधना इतनी सघन होती चली गई थी कि उन्होंने बेल पत्रों तक को भी खाना छोड़ दिया था। कई हजार वर्षों तक माता पार्वती निर्जला और निराहार तपस्या करती रही थी। उन्होंने जब बेल पत्रों को भी खाना छोड़ दिया था, इस कारण उनका नाम अपर्णा भी पड़ा था। माता की इस तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया था। देवता, ऋषि, सिद्ध गण, मुनि सभी ब्रह्मचारिणी देवी की इस तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया था। उनकी इस तपस्या से अति प्रसन्न होकर पितामह ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी के द्वारा माता पार्वती को संबोधित करते हुए कहा,- 'देवी आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की थी। ऐसी तपस्या तुम्हीं से संभव थी। तुम्हारे इस अलौकिक कृत्य की चतुर्दिक सराहना हो रही है। तुम्हारी मनोकामना सर्वतो भावेन परिपूर्ण होगी। भगवान चंद्रमौली शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तुम तपस्या से विरत होकर घर लौट जाओ। शीघ्र ही तुम्हारे पिता बुलाने आ रहे हैं।' फिर माता पार्वती की शादी भगवान शिव के साथ संपन्न हुई थी।

देवी पुराण में वर्णित कथा भक्तों को यह संदेश देती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने को अनुकूल बनाए रखना चाहिए। माता पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए कितनी कठिन तपस्या के दौर से गुजरी थीं। तब उन्हें शिव की प्राप्ति हुई थी। यह कथा स्त्रियों को यह सीख देती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पति का अनादर नहीं करना चाहिए। पति - पत्नी के बीच सदा विश्वास और मैत्री का संबंध होना चाहिए। हर स्त्री को अपने पति धर्म का निर्वाह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर हर पति को अपनी पत्नी धर्म का निर्वाह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करनी चाहिए। मनुष्य को ये कृत्य ही उसे देवत्व की ओर ले जाएगा।

## सूडोकु नवताल- 7739

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7738 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# संघ और रॉ पर प्रतिबंध की मांग: भारत विरोधी डीप स्टेट की नई साजिश

**मृत्युंजय दीक्षित**

युद्ध के वैश्विक वातावरण के बीच अमेरिका में भारत विरोधी डीप स्टेट गतिविधियां भी चल रही हैं। विभिन्न अवरोधों व वैश्विक उथल-पुथल के बाद भी भारत तीव्रता के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व भर के निवेशकों की दृष्टि भारत पर है और यह बात भारत विरोधी शक्तियों को पसंद नहीं आ रही है। अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी प्रशासन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारत की खुफिया एजेंसी रॉ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अमेरिकी आयोग की यह रिपोर्ट भारत के खिलाफ गहरी सुनियोजित साजिश के अंतर्गत तैयार की गई रिपोर्ट है जो भारत की सम्प्रुभता पर तीखा परोक्ष हमला है। भारत के मुख्य विरोधी दल कांग्रेस ने अपनी परंपरा के अनुरूप विदेशी आयोग की इस भारत विरोधी मांग का समर्थन किया है। अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने अपनी रिपोर्ट में संघ और रॉ के कामकाज पर सवाल खड़े करते हुए ट्रम्प प्रशासन से इन दोनों पर प्रतिबंध लगाने को कहा है। आयोग का कहना है कि संघ लोगों की धार्मिक आजादी के लिए खतरनाक है। ये धर्म के आधर पर भेदभाव बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि आयोग की रिपोर्ट में संघ पर तुरंत प्रतिबंध लगाने, संपत्ति को जब्त करने और संघ के लोगों के अमेरिका में प्रवेश को प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। कांग्रेस ने अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट से आगे जाकर कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने संघ को भारत में प्रतिबंधित किया। संघ मनुस्मृति से देश को चलाने की वकालत करता है, संघ संविधान विरोधी है, देश की एकता और भाईचारे के लिए जहर है।

अमेरिका का धार्मिक स्वतंत्रता आयोग वर्ष 1998 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बनाया गया एक स्वतंत्र आयोग है। यह विश्व भर में धार्मिक स्वतंत्रता की निगरानी करता है और अमेरिकी सरकार को केवल सुझाव देता है। अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट और कांग्रेस द्वारा उनका समर्थन करने पर किसी भी राष्ट्रभक्त नागरिक को हैरानी नहीं हुई है क्योकि कांग्रेस पार्टी लम्बे समय से भारत विरोधी टूल किट क्रियान्वित कर रही है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व गुलामी की मानसिकता से ग्रस्त है। कांग्रेस का दिल पाकिस्तान के लिए ही धड़कता है। कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे कुख्यात आतंकी संगठन से कर चुकी है। कांग्रेस को पता होना चाहिए कि जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हर विपरीत परिस्थिति में राष्ट्र व समाज की सेवा करता रहा है वैसे ही भारत की खुफिया एजेंसी रॉ भारत की सेवा करते हुए भारत को अनेकानेक आंतरिक और वाह्य खतरों से बचाती है।

आश्चर्य की बात है कि जब बांग्लादेश में हिंदुओं का निर्मम नरसंहार हो रहा था, हिंदू महिलाओं पर बर्बर अत्याचार, बलात्कार व हत्याएं हो रही थीं, 700 से अधिक मंदिरों का विध्वंस कर दिया गया तब इस तथाकथित धार्मिक आयोग की घिग्घी बंध गई थी। तब भारत व संपूर्ण विश्व में हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए किसी ने आवाज उठाई थी तो वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या उससे जुड़े समवैचारिक संगठन ही थे। आज पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान के हिंदू "गायब" हो चुके हैं अर्थात अल्पसंख्यक से भी बहुत कम हो गए हैं, यह आयोग इन देशों में हिन्दुओं के धार्मिक अधिकारों के लिए क्यों नहीं बोलता?

भारत ने अमेरिकी धार्मिक अयोग की रिपोर्ट सिरे से खारिज करते हुए कहा कि, अमेरिकी आयोग के लिए यह बेहतर होगा कि वह अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर तोड़फोड़ और हमलों की परेशान करने वाली घटनाओं, भारत को निशाना बनाने, वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के प्रति बढ़ती असिहष्णुता और उन्हें डराने-धमकाने के मामलों पर विचार करे। अमेरिकी आयोग पूर्वाग्रह से ग्रसित है और यह उसका एक सुनियोजित एजेंडा है। अमेरिका तथा वहां के तथाकथित आयोग को यह बात अच्छी तरह से पता होनी चाहिए कि भारत की 140 करोड़ से अधिक की आबादी में हर धर्म के अनुयायी रहते हैं। भारत सह अस्तित्व मे भरोसा करता है।

भारत में कांग्रेस व वामपंथी दलों की राजनीतिक दुकान विदेशी आयोगों की झूठ पर आधारित रिपोर्टों के सहारे ही चलती है। राहुल गांधी ऐसे नेता प्रतिपक्ष हैं जो विदेशों में जाकर भारत के संविधान, संसद व न्यायपालिका तक की आलोचना करते हैं। भारत जब पाकिस्तान पर स्ट्राइक करता है तो वे सेना व सरकार से सबूत मांगने निकल पड़ते हैं। आज वो एक विदेशी आयोग की झूठी रिपोर्ट के समर्थन में खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर के समय भी कांग्रेस ने संसद में सरकार का साथ नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट का समर्थन कर अपनी मंशा को स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत को कमजोर करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकमात्र संगठन है जो विश्व भर में हिन्दुओं के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर आवाज उठाता है। संघ ही है जो हिंदू समाज की सेवा कर रहा है। आज मजहबी ताकतें धन-बल और पशु-बल द्वारा भारी संख्या में हिन्दुओं का मतांतरण करा रही हैं अगर उसकी कोई रोकथाम कर रहा है तो वह संघ ही है। यही कारण है कि संघ पर प्रतिबंध की मांग फिर से उठाई गई है। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने करोड़ों घरों में संपर्क किया और एक नई हिन्दू चेतना का संचार हुआ। भारी संख्या में जेन-जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व समवैचारिक संगठनों के साथ जुड़ रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस के साथ लोग जुड़ नहीं रहे अपितु दूर भाग रहे हैं। संभवतः संघ से ईर्ष्या के वशीभूत होकर भी कांग्रेस ने अमेरिकी आयोग की भारत विरोधी रिपोर्ट का समर्थन किया हो।



एक नजर

## प्रमाण पत्र त्रुटि सुधार के बाद दो अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**सिमडेगा :** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा द्वारा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य पद के लिए दो अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने अमर नाथ प्रसाद एवं वेरनादत्त बा को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि दोनों अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों में नाम की स्पेलिंग में त्रुटि पाई गई थी, जिसके कारण नियुक्ति प्रक्रिया अस्थायी रूप से लंबित थी। त्रुटि का संबंधित बोर्ड से विधिवत सुधार किए जाने के बाद नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित

**खूंटी :** जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जल अर्पण कार्यक्रम गुरुवार को जिले के तोरपा प्रखंड की अम्मा पंचायत के कनकलोया ग्राम में आयोजित किया गया। उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित ग्रामीण और जलसहिया के माध्यम से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत भाषण कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल ने जलापूर्ति योजनाओं के संपोषण और रखरखाव की जानकारी दी। जल अर्पण कार्यक्रम, जल बंधन और जल वंदना विषय पर उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर जल वंदना कार्यक्रम किया गया। वहीं उप विकास आयुक्त ने कनकलोया जलापूर्ति योजना में लाभान्वित लोगों से जल संरक्षण, जल संचय, ज्यूडिशियल यूज ऑफ वॉटर विषय पर चर्चा की। साथ हीं लोगों से प्रतिदिन 01 रुपये जलकर के रूप में देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया और बताया गया की संचय की गई राशि से जलापूर्ति योजना का रखरखाव किया जाएगा। जिला समन्वयक ने बताया कि अम्मा पंचायत के कनकलोया ग्राम में कुल 255 एफएचटीसी क्रमशः कनकलोया, टोला 01, टोला 2, बरटोली, पुटकल टोली, और करको टोली में आच्छादित है। जल अर्पण कार्यक्रम में मुखिया, सभी प्रखंड समन्वयक, जलसहिया, स्थानीय ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

## खड़े ट्रैक्टर से टकराई कार, एक युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया-धालभूमगढ़ मुख्य सड़क पर पीडी बागान के समीप बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार संख्या में सवार तीन युवक चाकुलिया से धालभूमगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े पुआल से लदे ट्रैक्टर के पीछे कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चाकुलिया प्रखंड के धोबासोल गांव निवासी विश्वजीत मुंडा के रूप में हुई है। हादसे में घायल मोहित महतो और सन्नी यादव को स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल से चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम रेफर कर दिया।

# नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा झांकियों और नारों से गूंजा माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में भारतीय नववर्ष अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार, भैया-बहनों तथा नगरवासियों में अद्भुत उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय की बहनों ने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए शोभायात्रा की गरिमा को अत्यंत मनमोहक बना दिया और आकर्षण का केंद्र था। चारों दलों द्वारा प्रस्तुत झांकियों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों



विशेषकर महाकाली के रौद्र रूप एवं नवदुर्गा की आकर्षक छवियों का अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही लव-कुश की सजीव झांकी ने दर्शकों को रामायण काल की पवित्र स्मृतियों से जोड़ दिया। विशेष आकर्षण का केंद्र रहा बालस्वरूप में हनुमान का अद्भुत एवं भावपूर्ण रूप धारण किए हुए विद्यार्थियों का प्रदर्शन। गदा धारण किए, तेजस्वी मुखमुद्रा और अपार ऊर्जा से परिपूर्ण इन बाल हनुमानों ने भक्ति, साहस और समर्पण की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। शोभायात्रा में भगवा ध्वज लहराते हुए भैया-बहन कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे थे। "भारत माता की जय", "दुर्गा माता की जय", "जय श्रीराम", "जय श्रीराम का नारा है, "नववर्ष हमारा है" नव वर्ष का संदेश, शिक्षा संस्कार और देश। जैसे गगनभेदी नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को नगर के विभिन्न स्थानों पर अपार जनसमर्थन एवं स्वागत प्राप्त हुआ। रास्ते भर शोभायात्रा का स्वागत करते हुए समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं ने शीतल पेय, शर्बत एवं अल्पाहार की व्यवस्था कर अपनी सहभागिता निभाई। विशेष रूप से संतोष महतो द्वारा शीतल पेयजल, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं गौतम अग्रवाल द्वारा बिस्किट वितरण, रिकी अग्रवाल द्वारा टॉफी वितरण किया गया। प्रिंस चौक पर संजय द्विवेदी एवं उनके साथियों द्वारा शीतल पेय एवं बिस्किट से स्वागत किया गया। बजरंग दल लचरागढ़ के सदस्यों द्वारा हनुमान मंदिर के समक्ष शर्बत एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ ही सुरेन्द्र सिंह बानो द्वारा फ्रूटी, पेप्सी, मैंगो एवं मिरांडा जैसे शीतल पेय प्रदान कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

## वन अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का गैर सरकारी संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा विस्तार से उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह कानून अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों के ऐतिहासिक अधिकारों को मान्यता देने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब भी कई स्तरों पर इसके प्रावधानों का पूर्ण लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने बताया कि औपनिवेशिक काल में आदिवासी समुदायों को उनके पारंपरिक वन अधिकारों, वन भूमि, लघु वनोपज और प्राकृतिक संसाधनों से वंचित कर दिया गया था। वन अधिकार कानून-2006 का उद्देश्य इस ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना है, जिससे आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान और आजीविका को संरक्षण मिल सके। कोंगाड़ी ने कहा कि जहां-जहां आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, वहां जंगलों का संरक्षण भी बेहतर रूप में देखने को मिलता है। विधायक ने सरकार से मांग की कि कानून और उसकी नियमावली के अनुरूप व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पारंपरिक वन निवासियों को उनके अधिकारों का वास्तविक लाभ मिले। सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत दावों की प्रक्रिया ग्राम सभा, उप-मंडलीय समिति एवं जिला स्तरीय समिति के माध्यम से संचालित की जा रही है।

## विक्रम संवत 2083 पर सलडेगा में भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोह लिया मन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा के तत्वावधान में एक अत्यंत भव्य, आकर्षक एवं आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा न केवल नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र कुमार पाठक जी के अगुवाई में विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई यह भव्य यात्रा पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ प्रिंस चौक होते हुए नीचे बाजार तक पहुंची तथा पुनः विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान



वातावरण "जय श्री राम", "राजा विक्रमादित्य की जय" , "विक्रम संवत की जय", "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" जैसे गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इस अलौकिक यात्रा की सबसे विशेष आकर्षण रही मनमोहक झांकियां। विद्यालय की बहनों ने नव दुर्गा के विविध स्वरूपों में सुसज्जित होकर अद्भुत श्रद्धा और सौंदर्य का परिचय दिया, वहीं बच्चों ने बजरंग बली के रूप में वीरता और भक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। साथ ही, राजा विक्रमादित्य के राजदरबार की झांकी ने दर्शकों को प्राचीन भारतीय गौरव की याद दिला दी। शोभायात्रा में शामिल भैया-बहन भगवा ध्वज थामे, एक समान वेशभूषा में अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए, अपने जयघोषों से पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में रंगते चले गए। यह दृश्य न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा था। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## केतुंगा धाम में सनातन नववर्ष पर भव्य आयोजन, भक्ति और उत्साह से गूंजा माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा/बानो :** भोलेनाथ की दिव्य तपोभूमि केतुंगा धाम में इस बार सनातन नववर्ष विक्रम संवत 2083 का ऐसा भव्य और अलौकिक आयोजन देखने को मिला, जिसने हर श्रद्धालु के मन में भक्ति, गर्व और उत्साह की नई ऊर्जा भर दी। मानव धर्म रक्षक संघ एवं केतुंगा धाम न्यास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में क्षेत्रभर से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे धाम परिसर को एक जीवंत आध्यात्मिक धाम में परिवर्तित कर दिया। सुबह से ही केतुंगा धाम का वातावरण भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया। शंखध्वनि, घंटियों की गूंज और ह्लहर-हर महादेवह्व के जयकारों के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य शिक्षक श्री रोहित साहू एवं गण शिक्षक उमेश कुमार साहू द्वारा विधिवत भगवा ध्वज फहराकर



किया गया। जैसे ही ध्वज लहराया, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय ऊर्जा से भर गया। इसके पश्चात न्यास समिति के आजीवन न्यासी श्री भुवनेश्वरी सेनापति एवं नारायण दास द्वारा संयुक्त रूप से भगवा ध्वज पूजन, मां सरस्वती एवं मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की गई। इस पावन क्षण के साक्षी बने सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के अगले चरण में समिति के सभी सदस्यों, आचार्यगण एवं विद्यार्थियों ने अनुशासन और श्रद्धा के साथ भगवान के ध्वज के समक्ष तिलक लगाकर ध्वज प्रणाम किया। यह दृश्य न केवल आस्था का प्रतीक था, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत झलक भी प्रस्तुत कर रहा था। अपने ओजस्वी संबोधन में श्री भुवनेश्वरी सेनापति ने कहा कि विक्रम संवत केवल एक कैलेंडर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और गौरव का प्रतीक है।

## बिना फिटनेस और पुराने वाहनों के परिचालन पर लगाएं रोक : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुरुवार को यातायात एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के सख्ती से पालन और हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गई कि जनवरी और फरवरी माह में पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद अधिकांश दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालक ही शिकार हो रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकतर हादसे चालकों की लापरवाही के कारण हो रहे हैं। गलत दिशा में वाहन चलाना, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताए गए। उपायुक्त ने लापरवाह दिया। साथ ही यात्री वाहन, मालवाहक वाहन और स्कूल वैन में ओवरलोडिंग तथा सड़क पर कहीं भी वाहन रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने पर वाहन मालिकों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने को कहा गया। बिना फिटनेस और पुराने वाहनों के परिचालन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया कि भारी वाहन लाइसेंस के नवीकरण में निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और योग्य चालकों की ही अनुशंसा की जाए। वहीं, यातायात पुलिस को राजस्व वसूली में सुधार लाने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा शहर में रह रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त और निराश्रित लोगों को आश्रय गृहों में पुनर्वासित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभागों को पहल करने का निर्देश दिया गया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा सिमडेगा की जिला कार्यालय में अहम बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला इकाई की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अवैध मतदाताओं की पहचान को लेकर कार्यकर्ताओं को जागरूक करना था। बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष दीपक पुरी द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए संगठन की मजबूती और सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का मंच




संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सह-प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने अपने संबोधन में कहा कि देश में लगभग 12 करोड़ अवैध मतदाता होने की बात सामने आ रही है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि "देश की रोटी, माटी और बेटी को बचाने के लिए SIR अत्यंत आवश्यक है।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रक्फ़ कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सभी सरकारों के समय से चलती आ रही एक नियमित प्रक्रिया है। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने का अभियान चलाएं और योग्य लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ें। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी और सही हो। उन्होंने आरोप लगाया कि "हमारे आदिवासी भाई-बहनों का हक छीना जा रहा है," जिसे रोकने के लिए रक्फ़ की प्रक्रिया को गंभीरता से लागू करना होगा। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। साथ ही सभी बूथ स्तर तक पहुंचकर मतदाता सूची का सत्यापन करने और नए मतदाताओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। बैठक का समापन संगठन की एकजुटता और आगामी कार्ययोजना के साथ किया गया। मौके पर सिमडेगा विधानसभा BLA 1 तुलसी साहु संयोजक मनोज साय भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनी पैंकरा विकास साहु श्रवण गोस्वामी सितााराम प्रसाद चंदन प्रसून कुलदीप मिश्रा जगनाथ बड़ाईक सुरजन प्रधान जागेश्वर बिंझिया चिंतामणि कुमार अजय जायसवाल बालमुकुंद सिंह श्रद्धानंद बेसरा रेणु पुरी प्रतिमा देवी प्रणव कुमार रवि गुप्ता नरेंद्र बड़ाईक अनुप प्रसाद राकेश रविकांत अनिरुद्ध सिंह अनूप केशरी तपेश्वर साहु संटू गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली बैठक में भूषण बाड़ा ने उठाई आदिवासी अधिकारों की आवाज, सिमडेगा को हॉकी हब बनाने की मांग



**सिमडेगा :** दिल्ली में आयोजित नेशनल ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। जहाँ उन्होंने राज्य और सिमडेगा जिले के आदिवासी समाज के समस्याओं से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत देशभर के कई प्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक भूषण बाड़ा ने झारखंड की पहचान और आदिवासी समाज की समस्याओं को सामने रखते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने आदिवासियों के अस्तित्व और अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की। उन्होंने सीएनटी -एसपीटी एक्ट से छेड़छाड़, पत्थलगड़ी मामलों में कार्रवाई और पहचान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मांग रखी कि जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त पर सख्ती हो। साथ ही आदिवासी महिलाओं के अधिकार, वनाधिकार पट्टा वितरण, स्थानीय भाषा में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा पलायन को मजबूर हैं। इसलिए स्थानीय रोजगार, फैक्ट्री स्थापना और डिजिटल शिक्षा केंद्र खोलना जरूरी है। सिमडेगा को हॉकी हब बताते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र और एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाने की मांग भी की। अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज केवल वोट बैंक नहीं बल्कि देश की दिशा तय करने वाली ताकत है और अपने हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## जलडेगा दुर्गा मंदिर परिसर में श्री रामनवमी पूजा समिति की बैठक संपन्न



**जलडेगा :** दुर्गा मंदिर परिसर में श्री रामनवमी पूजा समिति की बैठक अध्यक्ष हेमशरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी श्री रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गा पूजा को धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि श्री रामनवमी जुलूस पूर्व वर्षों की भांति ही आयोजित किया जाएगा। साथ ही दुर्गा मंदिर अखाड़ा में खेल-तमाशे एवं कला प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। जुलूस के दौरान पेयजल, शर्बत एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त, दुर्गा मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार रात्रि 8 बजे से नवरात्र के अष्टमी तक कथावाचक पंडित इंद्र शंकर झा द्वारा प्रवचन कार्यक्रम आयोजित कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रामावतार अग्रवाल, सुभाष साहु, जसवंत साहु, मोतीलाल ओहदार, महेश साहु, कंबल अग्रवाल, राजू साहु, दिनेश कुमार साहु, मिठू राम, विश्वनाथ साहु, त्रिलोक साहु, नंदकिशोर सिंह, अमरदीप नाग, अघना खड़िया, पन्नालाल साहु, राजेश अग्रवाल, बसंत साहु, नरेंद्र सिंह, सोनू अग्रवाल, मदन सरकार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भक्ति में डूबा जलडेगा भव्य कलश यात्रा के साथ चैत्र नवरात्र का आगाज



**जलडेगा :** प्रखंड में चैत्र नवरात्र का शुभारंभ पूरे उत्साह, आस्था और श्रद्धा के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक माहौल का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं और युवतियां, पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा की शुरूआत घाघ नदी से हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद जय माता दी के जयकारों के साथ शोभायात्रा दुर्गा मंदिर की ओर बढ़ी। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और भक्ति का माहौल बना रहा। इस धार्मिक आयोजन में यजमान के रूप में दिनेश साहू एवं नंदकिशोर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, पूजा-अर्चना, कलश स्थापना एवं अन्य धार्मिक विधियों का संचालन पुरोहित अरुण मिश्रा के मार्गदर्शन में विधिवत संपन्न कराया गया। पुरोहित अरुण मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र का विशेष धार्मिक महत्व है। यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन नौ दिनों तक श्रद्धा और नियमपूर्वक पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है तथा सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही, यह पर्व सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागृति का संदेश भी देता है। मंदिर परिसर में पूरे नौ दिनों तक विशेष पूजा-पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक प्रवचन और भक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## भाजयुमो ने किया सरकार का पुतला दहन



**सिमडेगा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सनातन विरोधी बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक पूरी ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान सनातन धर्म की आस्था पर सीधा आघात है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिपक पूरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं और उनके इस प्रकार के बयान उनकी मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से सनातन संस्कृति, परंपरा और आस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी ऐसे बयानों का कड़ा विरोध करती रहेगी। वहीं प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार समाज को बांटने का कार्य कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री अपने बयान पर माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और उनका पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

## एक नजर

### रामनवमी पर हिरणपुर में निकली भव्य कलश यात्रा भक्ति में डूबा पूरा बाजार



**हिरणपुर :** रामनवमी के पावन अवसर पर हिरणपुर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शुक्रवार को यहां भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे बाजार को भक्तिमय रंग में रंग दिया। आयोजन को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह का माहौल बना रहा। कलश यात्रा की शुरुआत मवेशी हटिया स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ की गई। पूजा-अर्चना के बाद पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल रहे। यात्रा बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। श्रद्धालु विभूति पोखर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद सभी श्रद्धालु पुन: मंदिर परिसर लौटे, जहां पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई। इस दौरान पूरे मार्ग में ₹जय श्रीराम₹ के गगनभेदी जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय रहा, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### ईद व रामनवमी को लेकर एसडीओ ने की बैठक



**साहिबगंज :** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ईद व रामनवमी पर क्षेत्र में सद्भाव व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसडीओ सदानंद महतो ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। बैठक में एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी मुख्य रूप से मौजूद थे। एसडीओ ने उपस्थित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पदाधिकारियों से क्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी हासिल की एवं स्थिति पर पैनी नजर रखने की बात कही। मौके पर एलआरडीसी विमल सोरेन, राजमहल प्रभारी बीडीओ मो युसूफ, उधवा बीडीओ जयंत तिवारी के अलावा तालझारी, पतना, बरहरवा बीडीओ, सीओ बरहरवा, पतना, राजमहल, प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, राधा नगर थाना प्रभारी अमर मिंज, तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडे, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### आनंद मार्ग ने कराया मोतियाबिंद मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन

**पूर्वी सिंहभूम :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त प्रयास से समाज सेवा के तहत 15 मोतियाबिंद मरीजों का सफलतापूर्वक फेको सर्जरी कर नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद गुरुवार को सभी मरीजों को दवा और चश्मा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस पहल के माध्यम से वर्षों से दृष्टि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को नई रोशनी मिली है। आनंद मार्ग संस्था की ओर से आयुष्मान योजना और राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के सहयोग से पिछले कई वर्षों से दृष्टि सेवा महा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है।

# वर्षा से फसल क्षति पर समीक्षा, डीसी ने किसानों के लिए जागरूकता और योजनाओं में तेजी के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक के प्रारंभ में दिनांक 10.03.2026 को जिले में हुई वर्षा के कारण मक्का एवं गेहूँ की फसलों को हुई क्षति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यूरिया के अत्यधिक उपयोग से फसलों का तना कमजोर हो जाता है, जिससे हल्की हवा एवं वर्षा में भी फसल गिर जाती है। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक को किसानों के बीच यूरिया के संतुलित उपयोग को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत डीसी द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे रबी बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिट्टी नमूना संग्रह, किसान क्रेडिट कार्ड, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, "प्रति बूंद अधिक फसल", डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान समृद्धि योजना, आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत रबी मौसम में 100 प्रतिशत बीज वितरण पर डीसी ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही गरमा मूंग एवं मक्का बीज का अविलंब वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिले को 125 क्विंटल गरमा मूंग एवं 50 क्विंटल मक्का प्राप्त हुआ है, जिसका वितरण प्रखंड स्तर पर स्थित संकुलों के माध्यम से नि:शुल्क किया जा रहा है झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत जिले में मिलेट कैफेटेरिया की स्थापना हेतु प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। ज्ञात हो कि जेएसएलपीएस के सखी मंडलों द्वारा जिले में कुल 07 मिलेट कैफेटेरिया संचालित किए जाने हैं। मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के तहत जिले में शत-प्रतिशत मिट्टी नमूना संग्रह का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष हेतु लक्ष्य निर्धारित करते हुए खरीफ मौसम में भी शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के तहत रबी मौसम में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 69.17 प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया है, जिससे साहेबगंज जिला राज्य में चौथे स्थान पर है। जिले में ब्लॉकचेन प्रणाली के अंतर्गत अब तक कुल 59,894 किसानों का निबंधन किया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों को एक माह के भीतर प्रत्येक प्रखंड से न्यूनतम 1000 नए किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसान समृद्धि योजना के तहत सभी प्रखंडों को लक्ष्य के अनुरूप चलंत सोलर पम्प इकाइयों का वितरण शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिले में अब तक 337 पम्प सेटों का कायार्देश जारी किया गया है, जिनमें से 292 पम्प सेट स्थापित किए जा चुके हैं तथा 285 पम्पों का भौतिक सत्यापन भी पूर्ण कर लिया गया है।

## गांधी चौक हिंसा मामले में मुख्य आरोपी बाबू पॉल गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र के गांधी चौक पर हुई हिंसक घटना के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले के मुख्य आरोपी बाबू पॉल उर्फ आलोक जॉय पॉल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी से लंबे समय से चल रही तलाश पर विराम लग गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 जनवरी 2026 को गांधी चौक के पास डीएवी पब्लिक स्कूल की बस से हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद हालात बेकाबू हो गए थे। घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ते हुए सड़क जाम कर दिया और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन किया। इस दौरान लाठी-डंडे और अन्य हथियारों से हमला कर कई पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया गया था। साथ ही सरकारी और निजी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस गंभीर मामले में नगर थाना कांड संख्या-16/2026 के तहत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर 18 मार्च 2026 को मुख्य आरोपी बाबू पॉल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रखंड समन्वयक एवं लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयनित चार अभ्यर्थियों को उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर तीन प्रखंड समन्वयक–अमित कुमार भगत, मिथुन कुमार एवं जटन टुडु तथा एक लेखापाल सह प्रखंड कंप्यूटर ऑपरेटर–सूरज हेंब्रम को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह नियुक्ति केवल चयनित अभ्यर्थियों के लिए एक अवसर नहीं, बल्कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी नियुक्त कर्मियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी, लगन एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके और "सभी के लिए आवास" का लक्ष्य साकार हो। वहीं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण सहयोग एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी कर्मी अपने कार्यकाल में अनुशासन, नैतिकता एवं विधि का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सके।

## "नो हेलमेट, नो राइड" सख्ती से लागू, तेज वाहन जांच व जागरूकता अभियान के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नियमों की अनदेखी, तेज गति एवं जागरूकता की कमी के कारण हो रही हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ वाहन जांच अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य बताते हुए कहा कि चालक एवं सहचालक दोनों के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है। "नो हेलमेट, नो फ्यूल" अभियान को सख्ती से लागू करने तथा सभी पेट्रोल पंपों पर इसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि जिले के सभी दोपहिया शोरूम बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को सड़क पर नहीं उतारेंगे। साथ ही सभी वाहनों में आगे-पीछे नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

**सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी, जागरूकता का असर**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2025 के जनवरी से मार्च तक 24 सड़क दुर्घटनाओं में 26 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि वर्ष 2026 की इसी अवधि में 16 दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मृत्यु हुई है। यह कमी लोगों में बढ़ती जागरूकता एवं नियमों के पालन का परिणाम है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए तथा विशेष रूप से दोपहिया एवं तीनपहिया वाहनों की जांच प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 1989 वाहनों पर 99,19,554 रुपये का चालान किया गया, जिसमें से 80,49,878 रुपये की वसूली की गई है। वहीं फरवरी एवं मार्च 2026 में 250 वाहनों पर 11,33,150 रुपये का चालान किया गया, जिसमें 8,38,600 रुपये की वसूली की गई।

## रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग में प्रोजेक्ट इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** रमन विज्ञान भवन एस जी 1 रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग में स्नातक सेमेस्टर 5 सेशन 22-26 का प्रोजेक्ट इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा। डॉ अनिल कुमार विभाग अध्यक्ष एकेडमिक डीन इंचार्ज के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विषयों पर अपने प्रोजेक्ट वर्क को किया। जिसमें एलोवेरा ड्रॉयड एलोवेरा पाउडर, चिरौंता, नीम, वॉटर सैंपल पर अपना शोध पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। व्हाय परीक्षक के रूप में डॉ० पारस नाथ राय, रिटायर्ड प्रोफेसर, साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज रहे। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अवस्थी, इतिहास विभाग, डॉक्टर संजीव, अर्थशास्त्र विभाग, डॉक्टर सद्दाम सिंह मुंडा एवं डॉक्टर चंद्रशेखर, मनोविज्ञान विभाग, डॉक्टर धर्मेंद्र, रसायन शास्त्र विभाग, डॉक्टर मिथिलेश, अंग्रेजी विभाग, डॉक्टर मीरा चौधरी, वनस्पति विभाग आदि ने आकर छात्रों को उत्साहित किया। शोधार्थियों में अंकित कुमार तांती, खुशी कुमारी, लाजोर मुर्मू ,मोहम्मद अब्दुल, मोहम्मद गुलाम अशरफ, प्रियंका कुमारी, राजकुमार महतो, रवि कुमार सुमन, रिचा भारती, ऋषभ राज सभी ने अपने शोध रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। सभी ने शोधार्थी के कार्यों को सराहा डॉक्टर अनिल ने कहा कि आने वाले समय में भारत में औषधीय गुण युक्त विषयों पर शोध होगा जो असाध्य रोगों में मदद करेगा।

# साहिबगंज में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार, बरहरवा के आपूर्ति पदाधिकारी 40 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दुमका एसीबी की टीम ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नंदन कुमार को 40 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई प्रखंड मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय में की गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

**डीलरों से अवैध वसूली की शिकायत**

जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखंड के डीलरों से प्रत्येक माह 5 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। इसको लेकर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आलमगीर आलम ने दुमका एसीबी से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि एमओ नंदन कुमार सभी डीलरों पर पैसे जमा करने का दबाव बना रहे थे, जिससे डीलरों में काफी नाराजगी थी।

**जाल बिछाकर की गई गिरफ्तारी**

शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने पूरी योजना बनाकर कार्रवाई की। तय योजना के अनुसार आलमगीर आलम को 40 हजार रुपये देकर एमओ के पास भेजा गया। जैसे ही उन्होंने पैसे सौंपे, पहले से घात लगाए एसीबी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और नंदन कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इस दौरान टीम के सदस्य सादे लिबास में मौजूद थे।

**दो महीने पहले ही हुई थी नियुक्ति**

बताया जा रहा है कि नंदन कुमार की नियुक्ति करीब दो महीने पहले ही एमओ पद पर हुई थी। वह मूल रूप से दुमका जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने सीजीएल परीक्षा पास कर यह सरकारी पद हासिल किया था और बरहरवा में उनकी यह पहली पोस्टिंग थी। शुरूआती कार्यकाल में ही इस तरह के आरोप लगने से विभाग में भी चर्चा का माहौल है।

**कार्यालय से हिरासत में लेकर दुमका रवाना**

गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने आरोपी को अपने कब्जे में लेकर दुमका कार्यालय ले गई। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, इस पूरे मामले को लेकर एसीबी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**डीलरों में राहत, इलाके में चर्चा**

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय डीलरों और आम लोगों में राहत की भावना देखी जा रही है। लंबे समय से चल रही कथित अवैध वसूली पर यह कार्रवाई एक बड़ा कदम माना जा रहा है। घटना के बाद पूरे बरहरवा क्षेत्र में इस मामले की चर्चा तेज हो गई है और लोग एसीबी की इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, छापेमारी में विदेशी शराब एवं बियर बरामद, अभियुक्त फरार



**पाकुड़ :** ज़िले में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध मद्यपान, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत उत्पाद विभाग द्वारा बुधवार देर रात्रि में कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में अवर निरीक्षक उत्पाद विक्रम कुमार शाह के नेतृत्व में रद्दीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुवन शाह एवं हावित हांसदा के दुकानों में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दोनों दुकानों से कुल 6 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 5.20 लीटर बियर बरामद की गई। छापेमारी के दौरान दोनों अभियुक्त मौके से फरार हो गए। इस संबंध में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्वों के दौरान अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### चैती नवरात्र पर 501 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल प्रखंड में चैत्र नवरात्र व हिंदू नव वर्ष को लेकर शहर के वार्ड नंबर दो नंबर स्थित सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति की ओर से गुरुवार को 501 कन्याओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर महाजन टोली, कासिम बाजार, विवेकानंद चौक, बालू प्लॉट, गांधी चौक, मुख्य बाजार, मलखा बाबा थान, शरण पार्क, नया बाजार मोड़ तक गया। वापस कालीघाट आकर विधि विधान से पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर मंदिर परिसर लाकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालू ढोल नगाड़े, गाजेबाजे, हाथों में भगवा ध्वज लिए चल रहे थे। यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा शहर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी आकर्षक राम, लक्ष्मण, बजरंगबली, मां दुर्गा, महिषासुर आदि के रूप लिए रथ में सवार होकर यात्रा में साथ चल रहे थे। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने नव वर्ष की शुभकामना का संदेश दिया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष निरज घोष, निखिल दत्ता, देव कुमार दत्ता, मीनाल कांति साहा, इंद्रदेव राय, भूदेव कुमार, मधु मंडल, अरूण साहा, अनीता बसाक, अन्नू बहादुर आले, मुकेश दास, सूरज यादव, पंकज राय, मनीष सिंह, शशि आनंद, अभी घोष, मिथुन पांडे, शुभम साहा, कन्हाई घोष, आदि मौजूद थे।

### नगर परिषद ने चौथे दिन भी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ सख्ती से होल्डिंग टैक्स वसूला



**साहिबगंज :** नगर परिषद के द्वारा लगातार चौथ दिन भी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट के साथ वार्ड नंबर 17,19,20,28 होल्डिंग टैक्स वसूली की गई, इन वार्डो में जो भी बड़े डिफाल्टर है उनको सख्त हिदायत दिया गया है अपना होल्डिंग टैक्स 24 घंटा के अंदर जमा करें नहीं तो झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ आम नागरिकों को भी जागरूक किया गया है जिनका भी होल्डिंग टैक्स बकाया है वह 31 मार्च से पहले जमा कर दे नहीं तो होल्डिंग टैक्स पर 12% अधिक ब्याज के साथ देय होगा। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, सोनू कुमार यादव, रेवेन्यू इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह, रेवेन्यू इंस्पेक्टर सौरभ कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर विजय कुमार झा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर, तहसीलदार सोनू मंडल, तहसीलदार पवन कुमार, तहसीलदार विक्की राकेश रंजन, एरिया मैनेजर सौरभ कुमार टीम लीडर एवं रविकांत पासवान, नीरज पासवान, विनोद मंडल, तपस कुमार दास, विकास कुमार साह मौजूद थे।

### ईद से पहले विद्यालय में तिथि भोजन व जन्मोत्सव का आयोजन, बच्चों में दिखा उत्साह



**हिरणपुर :** ईद पर्व को ध्यान में रखते हुए हिरणपुर क्षेत्र के एक विद्यालय में इस माह का तिथि भोजन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम निर्धारित तिथि 20 मार्च के बजाय एक दिन पूर्व, गुरुवार 19 मार्च को आयोजित किया गया। उपायुक्त के निदेशार्नुसार हर माह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को इस बार विशेष रूप से ईद को ध्यान में रखते हुए पहले आयोजित किया गया, जिससे छात्रों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं—मर्सिला, प्रिशिला, फूलीन हांसदा, मोनिका टुडू, श्रुति दत्ता, विवेक पंडित एवं सेलमिना टुडू—का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया और सभी ने मिलकर इस खास दिन को आनंदपूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नसीम अंसारी एवं प्रधानाचार्य विजय कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य गंगाधर रक्षित, तृष्णा लाहा, चंदा रुज एवं पूर्णिमा दत्त सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही, ऐसे कार्यक्रम छात्रों के मानसिक एवं सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें विद्यालय से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना के एवर्स अस्पताल का आयुष्मान रजिस्ट्रेशन रद्द

**पटना (एजेंसी)** महिलाओं को हर्निया बताकर बच्चेदानी निकालने वाले एवर्स अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आयुमान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का निबंधन रद्द कर दिया है। दैनिक भास्कर में खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी अपने स्तर से इस मामले की जांच कराई। जिसमें पूरा मामला सही साबित हुआ है। विभाग ने अपने रिपोर्ट में कहा कि अस्पताल ने जाली रिपोर्ट के आधार पर महिला की बच्चेदानी निकाल ली है। यह कार्रवाई सिविल सर्जन द्वारा प्रस्तुत विस्तृत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। साथ ही अस्पताल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस कदम को योजना में पारदर्शिता और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। विभाग द्वारा कराई गई जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि अस्पताल ने आयुष्मान योजना का दुरुपयोग किया। महिला मरीज के इलाज के लिए हर्निया पैकेज के तहत बुकिंग की गई, जबकि वास्तव में हिस्टेरोक्टॉमी (गर्भाशय हटाने की सर्जरी) की गई। संबंधित मरीज का पहले किसी सर्जरी का कोई चिकित्सकीय इतिहास नहीं था, जिससे पैकेज चयन पर सवाल खड़े हुए। जांच में यूएससी समेत अन्य डायग्नोस्टिक रिपोर्ट पूरी तरह से जाली पाई गईं। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम प्रस्तुत किया गया। जांच टीम ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ मरीज की जान के साथ खिलवाड़ करार दिया है। मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, 8 हफ्ते में मांगी जांच रिपोर्ट बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने दैनिक भास्कर में छपी खबर महिलाओं की बच्चेदानी निकालने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अनंता मनोहर बदर ने सिविल सर्जन, वरीय पुलिस अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर आठ सप्ताह में जबाव मांगा है।आयोग के निबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने निर्देश मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 17 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। आदेश में कहा गया है कि जांच रिपोर्ट केवल आयोग के अधिकृत ईमेल आईडी पर भेजी गई रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पैक्सों के माध्यम से गांव बनेंगेआत्मनिर्भर, रोजगार के मौके भी

**पटना (एजेंसी)** सहकारिता विभाग द्वारा दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध सस्थान, शास्त्रीनगर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में चयनित पैक्सों और एफपीओ के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी को नए व्यवसाय के अवसरों, क्रियाशील पूंजी की व्यवस्था, विपणन की व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य पैक्सों के माध्यम से गांव के लोगों के लिए गांव में ही रोजगार सृजन कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यशाला में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों के पैक्सों एवं एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रेजेंटेशन के जरिए सभी प्रतिभागियों को दिखाया गया। साथ ही जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट, खाद्य प्रसंस्करण, मिलेट उत्पादन एवं पैकेजिंग, पॉली हाउस, तेल मिल, दाल मिल, मसालों का प्रसंस्करण, प्याज एवं टमाटर का उत्पादन, मक्का आधारित उत्पाद जैसे ग्रामीण उद्योगों से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। सहयोग समितियों के निबंधक रजनीश कुमार सिंह ने विचार रखे।

### शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध और नवाचार को देंगे बढ़ावा :वीसी

**पटना (एजेंसी)** एजुकेशन रिपोर्टर. पटनो पाटलिपुत्र विवि, पटना का स्थापना दिवस बुधवार को जेडी वीमेंस कॉलेज में मनाया गया। समारोह में कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, शोध और नवाचार को विश्वविद्यालय में बढ़ावा देंगे। बिना शोध के विवि उन ऊंचाइयों को नहीं छुआ जा सकता जिसे हमें प्राप्त करना है। इसके लिए जो भी चुनौतियां आएंगी, उसका सामना करेंगे। जल्द ही विवि अपने नए कैंपस में होगा, इसके बाद विवि की प्रगति में तेजी आएगी। मौके पर विश्वविद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में खेल, सांस्कृतिक एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कुलपति द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कुलसचिव प्रो. अबु बकर रिजवी ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्थापना दिवस केवल एक सालगिरह नहीं, बल्कि यह उस तालीमी जज्बे और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है, जिसने विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने अपने संबोधन में बोर्ड ऑफ स्टडीज के गठन, स्पोर्ट्स कैलेंडर, शिकायत निवारण प्रणाली, नामांकन प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन सहित छात्रों के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत जेडी वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या प्रो मीरा कुमार ने किया। संचालन प्रो. रेखा मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीसीडीसी प्रो. शिव कुमार यादव ने किया। दूसरे चरण में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर टीपीएस कालेज के प्रिंसिपल प्रो तपन कुमार शांडिल्य, प्रो उमेश प्रसाद, सीनेट सदस्य अजय यादव समेत विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक और प्राचार्य, विश्वविद्यालय अधिकारी मौजूद रहे।

### युवाशक्ति सम्पूर्ण क्रांति के संघर्ष को आगे बढ़ाएं

**पटना (एजेंसी)** जेपी आवास स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुधवार को सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का आयोजनकिया गया।जिसमें 18 मार्च 1974 के आंदोलन को यादकिया गया। सभागार में सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का उद्घाटन जेपी के सहयोगी रहे कुमार अनुपम, शम्भू प्रसाद सिंह, जयप्रकाश महंथ, विशेश्वर प्रसाद, डॉ किरण सिन्हा और विशाल सिंह समेत अन्य ने किया. कुमार अनुपम ने 1974 के 18 मार्च को शुरू हुए छात्र आंदोलन को बिहार के इतिहास की अमूल्य विरासत बताया। इसलिए सम्पूर्ण क्रांति के संघर्ष को भारत सरकार द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग की गई। साथ ही युवाशक्ति से सम्पूर्ण क्रांति के संघर्ष को आगे बढ़ाने की अपील की गई। जयप्रकाश महन्थ ने स्व. मिथिलेश सिंह के नाम पर पार्क का नामकरण के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया. अध्यक्षता शम्भू प्रसाद सिंह ने की। विशेश्वर प्रसाद ने जेपी सेनानियों को सम्मान की मांग की। डॉ किरण सिन्हा, रीता सिंह व इन्दू शरण ने जेपी सेनानी सलाहकार पर्षद के पुनर्गठन की मांग की। एमपी जैन, शशिभूषण प्रसाद, राजनंदन पांडे, त्रिपुरारि प्रसाद सिंह, राजकिशोर प्रसाद, बागेश्वर सिंह, रविन्दर महतो, रामाश्रय दीक्षित समेत अन्य मौजूद थे।

## मुंगेर को सीएम नीतीश ने दिया 119 करोड़ का गिफ्ट, 2005 से पहले की सरकार पर बोला हमला

**पटना (एजेंसी)** गूगल पर प्रभात खबर चुनें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले को 119 करोड़ का गिफ्ट दिया. इसके साथ ही जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल भी हुए. अपने भाषण के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने 2005 से पहले की सरकार पर जमकर हमला बोला.




सीएम नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा को लेकर कई जिलों में पहुंच रहे हैं. इस बीच गुरुवार को वे मुंगेर जिले में पहुंचे. यहां उन्होंने 119 करोड़ के योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. यहां उन्होंने जीविका दीदियों की ओर से लगाए स्टॉल का निरीक्षण किया. इसके साथ ही जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लालू-राबड़ी शासनकाल पर हमला भी बोला. लालू-राबड़ी शासनकाल पर साधा निशाना मुंगेर में सीएम नीतीश ने कहा, 2005 से पहले वाली सरकार (लालू-रबड़ी शासनकाल) ने कोई काम नहीं किया. लोग पहले शाम होने के बाद घर से निकलते नहीं थे. लेकिन जब हमारी सरकार आई तो हम लोगों ने सब कुछ बदला. अब बिहार में कानून का राज है. पहले स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क इन सभी व्यवस्थाओं का बुरा हाल था. वो लोग किसी के लिए कुछ नहीं करते थे. लेकिन हम लोगों के आने के बाद तेजी से विकास हुआ. एक बार फिर सम्राट चौधरी के कंधे पर रखा हाथ मुंगेर में यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा. जनसंवाद कार्यक्रम में सम्राट चौधरी अपना भाषण देने के बाद अपनी सीट पर बैठने लगे. इस दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को नमस्कार किया, जिसके बाद नीतीश कुमार ने उनके कंधे पर हाथ रखा. इन तस्वीरों के सामने आने से कई तरह की चर्चा जोरों पर है. सम्राट चौधरी को लेकर जेडीयू नेता ने क्या कहा था? जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार से समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जनता के सामने उन्हें आने वाले मुख्यमंत्री के तौर पर पेश किए जाने को लेकर सवाल किया गया था. इस पर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह बात देखा जा रहा है कि नीतीश कुमार उन्हें जनता के सामने आशीर्वाद दे रहे हैं तो कहीं ना कहीं उनके प्रति उनका स्नेह दिखाई दे रहा है. लेकिन आगे क्या होगा, मुख्यमंत्री कौन बनेंगे, यह तो बाद में ही पता चल पाएगा. डिजिटल जर्नलिज्म में 3 साल का अनुभव. डिजिटल मीडिया से जुड़े टूल्स और टेकनिक को सीखने की लगन है. वर्तमान में प्रभात खबर डिजिटल में कंटेंट राइटर के पद पर कार्यरत हूं. बिहार की राजनीति और देश-दुनिया की घटनाओं में रुचि रखती हूं.

## बिहार के सरकारी स्कूलों में शुरू होगी कंप्यूटर की पढ़ाई

**पटना (एजेंसी)** बिहार के सरकारी स्कूलों में अब प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर गांव-गांव के बच्चे भी माउस और कीबोर्ड पर हाथ आजमाएंगे. बिहार सरकार ने 1 अप्रैल से कक्षा 6 से 8 तक के लिए नया कंप्यूटर पाठ्यक्रम लागू करने का फैसला लिया है. बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है. राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है और जिलों में किताबें भेजने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है. अब तक कंप्यूटर शिक्षा में पिछड़ रहे सरकारी स्कूलों के छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है. इस कोर्स के तहत बच्चों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी दी जाएगी, जिससे वे तकनीक के साथ कदम से कदम मिला सकें. सिलेबस में क्या सीखेंगे बच्चे? नया कंप्यूटर कोर्स केवल थ्योरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे बेहद व्यावहारिक बनाया गया है. बच्चे न केवल कंप्यूटर के विभिन्न भागों और उनकी कार्यप्रणाली को पहचानेंगे, बल्कि ऑपरेटिंग सिस्टम, मल्टीटास्किंग और यूजर इंटरफेस जैसे तकनीकी पहलुओं को भी समझेंगे. सबसे खास बात यह है कि इस पाठ्यक्रम में साइबर अपराध से बचाव की रणनीतियों और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को भी शामिल किया गया है. इससे बच्चे दैनिक जीवन में तकनीक का सुरक्षित और सही उपयोग करना सीख सकेंगे. सरकार इस योजना को समय पर लागू करने के लिए गंभीर है और जमीनी स्तर पर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. बेसिक लर्निंग पर शिक्षकों को विशेष निर्देश ने स्कूलों और शिक्षकों के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है. इसमें कहा गया है कि नया सिलेबस शुरू करने से पहले छात्रों की बेसिक लर्निंग यानी बुनियादी समझ को मजबूत किया जाए. शिक्षकों से अपील की गई है कि वे छात्रों को इस तरह तैयार करें कि उन्हें नई किताबों और व्यावहारिक विषयों को समझने में कोई कठिनाई न हो. डिजिटल साक्षरता के इस नए दौर में सरकार का पूरा जोर रट्टा मार पढ़ाई के बजाय छात्र केंद्रित और व्यावहारिक शिक्षा पर है.

## पटना-डीडीयू-दिल्ली रूट अब कवच से लैस होगा

**पटना (एजेंसी)** पटना-डीडीयू-दिल्ली रेल रूट पर ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम ह्यकवचह्ण लगाया जा रहा है। इस रूट की तीसरी और चौथी नई रेल लाइनों पर कवच और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम लगाने की योजना है। वहीं, रेलवे ने डीडीयू-पटना-झाझा रूट पर भी कवच लगाने को मंजूरी दी है। रेल मंत्री ने कहा है कि कवच लगाने का काम चल रहा है। 3,000 किमी ट्रैक को इसके दायरे में लाया जा चुका है, जबकि 20,000 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। यह प्रणाली टक्कर रोकने, स्वचालित ब्रेक लगाने और हाई-स्पीड पर परिचालन सुरक्षित बनाने में सक्षम है। इससे आमने-सामने की टक्कर को रोका जा सकता है। वहीं, पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन सहित राज्य के 50 स्टेशनों का विकास अमृत भारत योजना के तहत किया जाएगा। इसका कार्य 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल वन ऐप से रोज 50 हजार टिकट की बुकिंगः रेल वन ऐप से हर दिन 50 हजार से अधिक पैसेंजर ट्रेन के टिकट की बुकिंग होती है। जुलाई 2025 से अब तक 2.5 करोड़ से अधिक ऐप डाउनलोड हो चुके हैं। 4000 किमी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेगाः रेल मंत्रालय ने पटना सहित देश में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। हाई-स्पीड नेटवर्क को 4,000 किलोमीटर तक विस्तारित किया जाएगा। बिहार-नेपाल के बीच आवाजाही आसान करने के लिए बड़ी पहल की गई है। इसके लिए बिहार-नेपाल रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए दोहरी रेल लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रेलवे में 1.43 लाख भर्ती की प्रक्रिया शुरू भारतीय रेलवे में करीब 1.43 लाख पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे बिहार के युवाओं को रोजगार का बड़ा अवसर मिलेगा। 19 जोनों में यह भर्ती अभियान चल रहा है। विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर नियुक्ति होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पिछले एक दशक में रेलवे में करीब 5 लाख नौकरियां दी हैं

## पटना में गैस सिलेंडर को लेकर अफरातफरी, 1.8 लाख का बैकलॉग, सप्लाई से ज्यादा बुकिंग

**पटना (एजेंसी)** पटना में घरेलू एलपीजी गैस को लेकर आपूर्ति में कमी और अफवाहों के चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता एक साथ गैस बुक कराने लगे, जिससे बैकलॉग तेजी से बढ़कर 1.80 लाख तक पहुंच गया। हालांकि प्रशासन का दावा है कि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है. छढ्ढ़उ१२२ः पटना में महज 12 दिनों में बैकलॉग का आंकड़ा 1.80 लाख के पार चला गया. क्या वाकई पटना में गैस खत्म होने वाली है या यह सिर्फ पैनिक बुकिंग का नतीजा है? या ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव की खबरों ने राजधानी में ऐसी अफवाह फैलाई कि लोग खाली सिलेंडर लेकर गैस एजेंसियों की ओर दौड़ पड़े. अफवाहों ने बिगाड़ा सुकून पटना जिले में रोजाना करीब 32 हजार गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है, जबकि बुकिंग की संख्या 40 हजार के आसपास पहुंच गई है. कुछ



दिन पहले यह आंकड़ा 50 हजार से भी ऊपर चला गया था, जिससे सिस्टम पर दबाव बढ़ गया और बैकलॉग लगातार बढ़ता गया. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कटौती की खबरों ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया. इसी आशंका में उन लोगों ने भी गैस बुक कराना शुरू कर दिया. पटना में गैस का गणित पटना जिले में कुल 136 गैस एजेंसियां हैं जो करीब 16.65 लाख उपभोक्ताओं को सेवा देती हैं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को कुल 40,773 लोगों ने गैस बुक कराई, जबकि औसत खपत 33,603 सिलेंडर प्रतिदिन है. वर्तमान में 1,84,713 सिलेंडरों का बैकलॉग है, जिसे क्लियर करने के लिए प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा है. राहत की बात यह है कि पिछले तीन दिनों में बुकिंग कराने वालों की संख्या 50 हजार से घटकर 40 हजार पर आ गई है, जो इस बात का संकेत है कि अब अफरातफरी कम हो रही है. डीएम डॉ. त्यागराजन की अपील पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम और एडीएम सप्लाई रवींद्र कुमार दिवाकर ने स्थिति की समीक्षा करते हुए लोगों से संयम बरतने की अपील की है. प्रशासन का कहना है कि अगर मांग में इसी तरह कमी आती रही और वितरण सुचारू रहा, तो अगले 7 से 10 दिनों में स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी. स वितरण की प्रक्रिया में किसी भी तरह का व्यवधान न डालें. यह समझना जरूरी है कि पैनिक बुकिंग की वजह से उन लोगों को परेशानी हो रही है जिन्हें वास्तव में सिलेंडर की तुरंत जरूरत है. प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पटना में गैस की कोई स्थाई कमी नहीं है.

## बिहार में 4 डिग्री तक गिरेगा पारा, 2 दिनों बाद बदलेगा मौसम, IMD का अलर्ट जारी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम करवट लेने वाला है. मौसम विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है. विभाग की माने तो, अगले दो दिनों में मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है. इसके साथ ही तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है. बिहार के जिलों में फिलहाल मौसम सामान्य बना हुआ है. मौसम विभाग की माने तो, अगले दो-तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है. लेकिन इसके बाद 48 घंटों के दौरान तीन से पांच डिग्री तक तापमान में कमी होने की संभावना है. मौसम विभाग ने जताई ये संभावना मौसम विभाग की माने तो, अगले दो-तीन दिनों के बाद अगले 48 घंटों के दौरान दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक दो दिनों के बाद बिहार के कई जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात की



संभावना है. कुछ जगहों पर तेज बारिश भी होने की संभावना है. पिछले 24 घंटों के दौरान सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री राजगीर (नालंदा) में दर्ज किया गया. राज्य का अधिकतम तापमान 31.4 से 36.3 डिग्री के बीच रहा. . राज्य के अधिकतर जगहों के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया. लोगों को मिलेगी राहत बिहार में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच यह बदलाव राहत लेकर आएगा. पटना का अधिकतम तापमान जहां 36-37 डिग्री तक पहुंच रहा था, जबकि अगले दो दिनों में यह गिरकर 28-32 डिग्री तक आ सकता है. बादलों और ठंडी हवाओं के कारण धूप की तीव्रता भी कम होगी. कृषि वैज्ञानिकों ने दी ये चेतावनी कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं आम के मंजरों और केले के बागानों को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं. साथ ही, आसमान में बिजली कड़कने के दौरान पेड़ों के नीचे या खुले मैदानों में न रहने की हिदायत दी गई है क्योंकि बिजली गिरना जानलेवा साबित हो सकता है.

## जेल से बाहर आयेंगे विधायक अनंत सिंह, हाईकोर्ट से मिली जमानत

**पटना (एजेंसी)** मोकामा के विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर आयेंगे. पटना हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है. अनंत सिंह को कोर्ट से जमानत मिलने पर उनके समर्थकों के बीच खुशी है. इससे पहले वे राज्यसभा चुनाव के लिए वोट डालने के लिए जेल से बाहर आए थे. मोकामा के विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है. अब अनंत सिंह बेऊर जेल से बाहर आयेंगे. संभावना जताई जा रही है कि हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद अब कागजी प्रक्रिया पूरी की जाएगी और शुक्रवार या फिर शनिवार तक जेल से बाहर आ सकते हैं. दुलारचंद हत्याकांड को लेकर अनंत सिंह बेऊर जेल में बंद थे. लेकिन अब उन्हें जमानत मिल गई है, जिसके बाद उनके समर्थकों के बीच खुशी है. नवंबर 2025 में हुई थी गिरफ्तारी अनंत सिंह की गिरफ्तारी दुलारचंद हत्याकांड मामले में नवंबर 2025 में हुई थी. अब लगभग चार महीने के बाद वह जेल से बाहर आने वाले हैं. इससे पहले अनंत सिंह राज्यसभा चुनाव को लेकर वोट डालने के लिए 16 मार्च को जेल से बाहर आए थे. लेकिन वोट करने के बाद वे वापस बेऊर जेल चले गए थे. चुनाव नहीं लड़ने का किया था ऐलान 16 मार्च को जब अनंत सिंह विधानसभा वोट डालने के लिए आए थे, इस दौरान उन्होंने अब चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया था. पुलिस की सुरक्षा घेरे में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने घोषणा की थी कि उनकी राजनीतिक विरासत को अब उनके बच्चे संभालेंगे. उनके इस



बयान के बाद ही बिहार की राजनीति में नई हलचल शुरू हो गई थी. ऐसे में अब वे जेल से बाहर आ रहे हैं, तो उनकी क्या कुछ गतिविधियां होंगी, यह देखना दिलचस्प होगा. की वीणा देवी को पीछे छोड़ बने थे विधायक अनंत सिंह पिछले साल हुए बिहार विधानसभा चुनाव में मोकामा सीट से जीत हासिल किए थे. उन्होंने आरजेडी की उम्मीदवार वीणा देवी को 28,206 वोटों के अंतर से हराया था. उन्हें कुल 91,416 वोट मिले थे, जबकि वीणा देवी को 63,210 वोट मिले थे. उस समय भी अनंत सिंह जेल में थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने चुनाव जीतकर राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया था. डिजिटल जर्नलिज्म में 3 साल का अनुभव. डिजिटल मीडिया से जुड़े टूल्स और टेकनिक को सीखने की लगन है. वर्तमान में प्रभात खबर डिजिटल में कंटेंट राइटर के पद पर कार्यरत हूं. बिहार की राजनीति और देश-दुनिया की घटनाओं में रुचि रखती हूं.

## बिहार में जमीन मापी ठप, अमीन संघ का बड़ा ऐलान-23 को पटना समेत जिलों में धरना

**पटना (एजेंसी)** बिहार राजस्व अमीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर अब सख्त रुख अपना लिया है. संघ ने 20 मार्च को पूरे राज्य में काला बिल्ला लगाकर काम करने और 23 मार्च को पटना सहित सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देने का ऐलान किया है. इससे आने वाले दिनों में राजस्व से जुड़े काम प्रभावित हो सकते हैं. बिहार में अमीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर बिहार राजस्व अमीन संघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. 20 मार्च से अमीनों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध शुरू करने और फिर पटना की सड़कों पर उतरने का ऐलान कर दिया है. अमीन संघ द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, 20 मार्च 2026 को पूरे प्रदेश के अमीन अपने हाथों पर काला बिल्ला बांधकर काम करेंगे. अगर इस चेतावनी के बाद भी विभाग नहीं जागा, तो 23 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर महाधरना देकर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा. पे-लेवल 6 और सुविधाओं पर फंसा है पेंच अमीन संघ की लड़ाई सिर्फ वेतन की नहीं, बल्कि उनके कार्य के तकनीकी स्वरूप को पहचान दिलाने की भी है. उनकी प्रमुख मांगों में वेतनमान (ढं८ छी५ी'-6) को लागू करना सबसे ऊपर है. इसके अलावा, अमीनों ने पोस्टिंग में पारदर्शिता, चेनमैन की स्थायी नियुक्ति और फील्ड वर्क के लिए उचित यात्रा भत्ते की मांग उठाई है. संघ का कहना है कि आज के दौर में जब सारा काम डिजिटल हो रहा है, उन्हें तकनीकी कार्यों के अनुरूप जरूरी संसाधन और डिजिटल भत्ता नहीं मिल रहा है, जिससे उन पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है. जमीन मापी से लेकर म्यूटेशन तक पर पड़ेगा असर अमीनों की इस हड़ताल का सीधा असर आम जनता पर पड़ने वाला है. बिहार में जमीन के बंटवारे, सीमांकन और सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरी तरह अमीनों पर निर्भर है. 23 मार्च को होने वाले जिला स्तरीय धरने से दाखिल-खारिज और एलपीसी जैसे जरूरी कामों में देरी हो सकती है. संघ ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि विभाग की वादाखिलाफी की वजह से कर्मियों में भारी असंतोष है और अब वे पीछे हटने के मूड में नहीं हैं. उग्र आंदोलन की दी चेतावनी 23 मार्च के धरने के बाद भी सरकार की नींद नहीं टूटी, तो आने वाले दिनों में



अनिश्चितकालीन हड़ताल और पटना में राज्यव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा. संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे जनता को परेशान नहीं करना चाहते, लेकिन सरकार की बेरुखी ने उन्हें सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है.



# सेहत के लिए बेहद लाभदायक है नींबू पानी

**नींबू पानी को अगर देशी कोल्ड्रिंक कहा जाए, तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर यह पेय सेहत और सौंदर्य से जुड़े इतने फायदे देता है, जितने आप सोच भी नहीं सकते। जानिए नींबू पानी के कुछ ऐसे ही फायदे जो आपकी सेहत के लिए बेहद लाभदायक हैं -**

नींबू विटामिन सी का बेहतर स्त्रोत है। साथ ही, इसमें विभिन्न विटामिन्स जैसे थियामिन, रिबोफ्लोविन, नियासिन, विटामिन बी- 6, फोलेट और विटामिन-ई की थोड़ी मात्रा मौजूद रहती है। यह खराब गले, कब्ज, किडनी और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुंचाता है। साथ ही ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए भी यह बेहतर होता है। पाचन क्रिया, वजन संतुलित करने और कई तरह के कैंसर से बचाव करने में नींबू पानी मददगार होता है। नींबू पानी में कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम और जिंक पाए जाते हैं।

## किडनी स्टोन

नींबू पानी का स्वास्थ्य पर पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण फायदा है, इसका किडनी स्टोन से राहत पहुंचाना। मुख्यरूप से किडनी स्टोन शरीर से बिना किसी परेशानी के निकल जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह यूरीन के बहाव को ब्लॉक कर देते हैं जो अत्यधिक पीड़ा का कारण बनता है। नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरीन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।

## डायबिटीज

नींबू पानी, हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प माना जाता है। खासतौर से उनके लिए जो डायबिटीज के मरीज हैं या वजन कम करना चाहते हैं। यह शुगर को गंभीर स्तर तक पहुंचाए बिना शरीर को रिहाइड्रेट व एनर्जाइज करता है।

## पाचनक्रिया में फायदेमंद

नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है, जो पाचन के लिए आवश्यक है। साथ ही यह एसिडिटी और गठिया के खतरे को भी कम करता है। जो लोग आमतौर पर पाचन-संबंधी समस्याओं जैसे एबडॉमिनल क्रैम्प्स, ब्लॉटिंग, जलन और गैस की समस्या आदि से परेशान होते हैं, उन्हें नियमित रूप से नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।

## कब्ज

अगर आपको कब्ज की समस्या है, तो नींबू पानी आपके लिए बेहद फायदेमंद है। प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिएं और पूरे दिन कब्ज की समस्या से दूर रहें।

## इम्यून सिस्टम

नींबू पानी बायोफ्लेवोनॉयड, विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रियंट्स का बेहतर स्रेत है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स के कारण यह शरीर के एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

## खराब गला

नींबू पानी को गुनगुना करके पीने से गले की खराबी या फैरिन्जाइटिस में आराम पहुंचाता है।

## वजन

हर सुबह शहद के साथ गुनगुना नींबू पानी पीने से अतिरिक्त वजन आसानी से कम किया जा सकता है।

## मसूड़ों की समस्या

नींबू पानी पीने से मसूड़ों से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। नींबू पानी में एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।



# आयुर्वेद के अनुसार तेज भूख लगने पर कभी खाली पेट न खाएं ये चीजें

कभी-कभी ऐसा होता है कि हमें बहुत तेज भूख लग जाती है और हम उस वक्त हमें जो भी उपलब्ध होता है, वो खाने लग जाते हैं लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक तेज भूख लगने पर कुछ ऐसी चीजें है, जिन्हें नहीं खाना चाहिए।आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें-

## अमरुद

अमरुद एक ऐसा फल है, जिसे अलग-अलग स्थितियों में खाने पर अलग-अलग परिणाम देखने को मिलते हैं यानी अगर आप सर्दियों में सुबह के वक्त खाली पेट अमरुद खाएंगे, तो आपको पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। वहीं, गर्मी में खाली पेट अमरूद खाएंगे, तो यह फायदा देता है। ऐसे में आपको खाली पेट अमरूद नहीं खाना चाहिए।

## सेब

सर्दियों में खाली पेट सेब खाने से बीपी बढ़ सकता है, अगर सुबह सबसे पहले यानी बिना कुछ खाए आप सेब खा लेते हैं, तो इस दिक्कत का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन गर्मी में आप खाली पेट सेब खा सकते हैं।

## टमाटर

टमाटर की तासीर गर्म होती है। इसे आप सर्दी के मौसम में तो खाली पेट खा सकते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ऐसा करने पर पेट में या सीने में जलन की समस्या हो सकती है। आपको सुबह के समय टमाटर खाने से परहेज करना चाहिए।

## चाय-कॉफी

चाय या कॉफी को खाली पेट पीने से बचना चाहिए।आप चाय या कॉफी को बिस्किट, ब्रेड के साथ ले सकते हैं लेकिन खाली पेट या तेज भूख लगने पर सिर्फ चाय-कॉफी न लें, इससे आपके पेट में गैस बन सकती है।

## दही

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दही फायदे की जगह पर हानि पहुंचा देती है।ऐसे में दही को सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए, वर्ना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

# अमृत है आंवला 10 बेहतरीन फायदे

विटामिन-सी से भरपूर आंवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए तो फायदेमंद है ही, साथ ही इसके और भी कई फायदे हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। आमतौर पर आंवले का प्रयोग अचार, मुरब्बा या चटनी के रूप में किया जाता है,लेकिन इसका अलग-अलग तरह से सेवन आपके लिए बेहद उपयोगी है। अगर आप नहीं जानते इस अनमोल फल के बारे में तो जरूर पढ़िए -

- डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला बहुत काम की चीज है। पीड़ित व्यक्ति अगर आंवले के रस का प्रतिदिन शहद के साथ सेवन करे तो बीमारी से राहत मिलती है।
- एसिडिटी की समस्या होने पर आंवला बेहद फायदेमंद होता है। आंवला का पाउडर, चीनी के साथ मिलाकर खाने या पानी में डालकर पीने से एसिडिटी से राहत मिलती है। इसके अलावा आंवले का जूस पीने से पेट की सारी समस्याओं से निजात मिलती है।
- पथरी की समस्या में भी आंवला कारगर उपाय साबित होता है। पथरी होने पर 40 दिन तक आंवले को सुखाकर उसका पाउडर बना लें, और उस पाउडर को प्रतिदिन मूली के रस में मिलाकर खाएं। इस प्रयोग से कुछ ही दिनों में पथरी गल जाएगी।
- रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर, प्रतिदिन आंवले के रस का सेवन करना काफी लाभप्रद होता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायक होता है, और खून की कमी नहीं होने देता।
- आंखों के लिए आंवला अमृत समान है, यह आंखों की रौशनी को बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।
- बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।
- शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवल सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा उल्टी होने की पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।
- याददाश्त बढ़ाने में आंवला काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए सुबह के समय आंवला के मुरब्बा गाय के दूध के साथ लेने से लाभ होता है, इसके अलावा आप प्रतिदिन आंवले के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं।
- चेहरे के दाग-धब्बे हटाकर उसे खूबसूरत बनाने के लिए भी आंवला आपके लिए उपयोगी होता है। इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।
- बालों को काला, घना और चमकदार बनाने के लिए आंवले का प्रयोग होता है, इसके पाउडर से बाल धोने या फिर इसका सेवन करने से बालों की समस्याओं से निजात मिलती है



# नाश्ते में इन पांच चीजों को खाने से तेजी से बढ़ता है वजन, ज्यादातर लोग करते हैं सेवन



फिटनेस पाने के लिए लोग क्या-क्या जतन करते हैं। कई सर्वे के अनुसार आप शरीर पर चर्बी होने के कारण कई बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में आपको बैली फैट कम करने के साथ फिट रहने की कोशिश करनी चाहिए। खुद को फिट रखने में ब्रेकफॉस्ट का भी अहम रोल होता है, ऐसे में आपको अगर हमेशा स्लिम ट्रिम रहना है, तो ऐसी 5 चीजें हैं, जो आपको नाश्ते में बिल्कुल नहीं खानी चाहिए-

**वाइट ब्रेड** - ब्रेड ज्यादातर भारतीय घरों में खाई जाती है लेकिन आपको बता दें कि ब्रेड का ज्यादा सेवन करना न सिर्फ आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इससे आपका वजन भी बढ़ता है। ऐसे में कोशिश करें कि वाइट की जगह ब्राउन ब्रेड का सेवन करें।

**प्रोसेस्ड फूड** - ऐसे खाद्य पदार्थों को कई बार पकने की क्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही तेल, मसाले, घी होने की वजह से ये सेहत के लिए भी अच्छे नहीं होते। आपको चिप्स, पॉपकॉर्न, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स आदि से दूर रहना चाहिए।

**केक, कुकीज** - केक और कुकीज में मैदे के अलावा घी और क्रीम का इस्तेमाल होता है, जो आपकी फिटनेस के हिसाब से बिल्कुल भी सही नहीं है इसलिए आपको नाश्ते में इन चीजों को नहीं खाना चाहिए।

**नूडल्स** - नूडल्स खाने में तो बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन इसे हेल्दी ब्रेकफॉस्ट नहीं माना जा सकता है, इसी वजह से आपको नूडल्स नाश्ते में बिल्कुल नहीं खाने चाहिए।

**फ्रूट जूस** - आपको कोशिश करनी चाहिए कि मार्केट में उपलब्ध फ्रूट जूस बिल्कुल न पिएं बल्कि आप घर में ही फलों का जूस निकालकर पी सकते हैं। आपके पास अगर जूस की जगह फल खाने का समय है, तो नाश्ते के लिए सबसे बेहतरीन रहेगा।

**पकौड़े-कचौड़ी** - सुबह-सुबह तली चीजें खाना बिल्कुल भी सही नहीं है। आप पकौड़े और कचौड़ी जैसी तली हुई चीजें सुबह नहीं खाएंगे, तो आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा।

# आंखों को थकान से राहत देगा गुलाब जल, कम होगा तनाव

**वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल न केवल आपके पूरे स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि इसका असर आपकी नाजुक आंखों पर भी पड़ता है।**



वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अत: अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।



# कैसे पहचानें कि इम्यून सिस्टम है कमजोर

**इम्यून सिस्टम के मजबूत होने पर हम बीमारियों से लड़ सकते हैं। यदि हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत है तो बीमारी हम पर हावी नहीं हो सकती। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत है तो यह हमें न सिर्फ सर्दी और खांसी से बचाती है बल्कि हैपेटाइटिस, लंग इंफेक्शन, किडनी इंफेक्शन सहित और कई बीमारियों से हमारा बचाव होता है। लेकिन हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर है तो हम इसको कैसे पहचान सकते हैं, क्योंकि कई बार यह होता है इम्यून सिस्टम कमजोर तो होता है, पर हम इसे समझ ही नहीं पाते। आखिर कैसे पहचान करें कि आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है, आइए जानते हैं।**

अगर आपको लगता है कि आप बार-बार बीमार हो रहे हैं और जुकाम की शिकायत रहती है। बार-बार सर्दी हो जाना और यदि आपके आस-पास ऐसा कोई व्यक्ति है जिसे खांसी है और आपको भी इससे जल्दी खांसी या सर्दी हो जाती है तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। बदलते मौसम का आपको बीमार करना आपके कमजोर इम्यून सिस्टम को दर्शाता है। यदि आप मौसम के बदलने पर बीमार हो रहे हैं तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। व्यायाम करते समय सांसों का फूलना व जल्दी थक जाना यह कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। नींद न आना, आंखों के नीचे काले घेरे, थकान महसूस होना- यह भी कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की अपेक्षा बार-बार बीमार होते हैं, जुकाम की शिकायत रहती है, खांसी, गला खराब होना या स्किन रैशेज जैसी समस्याएं रहती हैं तो बहुत पॉसिबल है कि यह आपके इम्यून सिस्टम की वजह से हो। कैंडिडा टेस्ट का पॉजिटिव होना, बार-बार यूटीआई, डायरिया, मसूड़ों में सूजन, मुंह में छाले वगैरह भी खराब इम्यूनिटी के लक्षण हैं।

# दुनिया ईरान-अमेरिका जंग में उलझी...इधर भारत ने कर दिया कमाल, पड़ोसी पाकिस्तान की जान हल्क में

## -पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर मिडिल ईस्ट में ईरान की इजराइल और अमेरिका के साथ बेहद खतरनाक जंग जारी है। मिसाइलें, ड्रोन और एयर स्ट्राइक हर दिन हालात और ज्यादा गंभीर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच भारत ने चुपचाप एक ऐसा कदम उठाया हैं, जिसने पूरी दुनिया को दो टूक संदेश दिया कि भारत अब सिर्फ देख नहीं रहा बल्कि पूरी तैयारी में है। भारत ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण किया है। इस ऐतिहासिक परीक्षण को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अंजाम दिया गया। वहीं पोखरण जहां भारत ने अपने परमाणु परीक्षणों से दुनिया को चौंका दिया था और अब उसी धरती से फिर भारत की ताकत की गूंज सुनाई दे रही है। इस टेस्ट में कुल 24 पिनाका एनहांस रॉकेट लांच किए गए। इस परिक्षण के बाद पड़ोसी आंतकी मुल्क पाकिस्तान की हल्क में जान आ गई है।

इनका उद्देश्य था इनकी सटीकता, निरंतरता और मारक क्षमता को परखना और रिपोर्ट्स के मुताबिक इन रॉकेट्स ने हर पैरामीटर पर शानदार प्रदर्शन किया। अब सवाल उठता है कि यह पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट आखिर है क्या? दरअसल पिनाका एक मल्टीबैरल रॉकेट लांच सिस्टम है, जो कि पूरी तरह भारत में विकसित किया गया है। यह सिस्टम कुछ ही सेकंड में दर्जनों रॉकेट दाग सकता है और दुश्मन के बड़े इलाके को तबाह कर सकता है। लेकिन इस नए वर्जन यानी कि एक्सटेंडेड रेंज की खास बात यह है कि इसकी मारक क्षमता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा दी गई है। जहां पहले इसकी रेंज करीब 40 कि.मी.थी, वहीं अब 70 से 90 कि.मी. तक सटीक वार कर सकता है। यानी अब भारतीय सेना दुश्मन को दूर से और ज्यादा सटीक तरीके से निशाना बना सकती है। और सबसे बड़ी बात यह टेस्ट सिर्फ एक प्रोटोटाइप का नहीं था बल्कि दो अलग-अलग प्रोडक्शन बेंचों का था। इसका मतलब होता है कि अब यह टेक्नोलॉजी सिर्फ लैब तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तैयार है।



इस पूरे परीक्षण को निजी डिफेंस कंपनी सोलार ग्रुप ने अंजाम दिया। यह दिखाता है कि भारत में प्राइवेट सेक्टर भी अब डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। अब जरा इस खबर को ग्लोबल परिपेक से समझिए। एक तरफ ईरान और इजराइल के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिका भी संघर्ष में सीधे शामिल है। पूरी दुनिया में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इसके बाद भारत का यह परीक्षण सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं बल्कि एक रणनीतिक संदेश है। संदेश यह है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। संदेश यह है कि भारत अब किसी पर निर्भर नहीं है और संदेश यह है कि भारत अब टेक्नोलॉजी और ताकत दोनों में तेजी से आगे बढ़ चुका है। बता दें, आधुनिक युद्ध सिर्फ सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते। आज की लड़ाई टेक्नोलॉजी सटीकता और दूरी से लड़ी जाती है और पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट इसी नई युद्ध नीति का सबसे बड़ा हिस्सा है। खैर आज जब दुनिया में हर तरफ अनिश्चितता है।

# हिमाचल बजट सत्र : सुक्खू सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं

## -नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और कार्यकाल को लेकर साधा निशाना

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और तीन साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं हैं और पूरा भाषण आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहा। सरकार लगातार केंद्र सरकार को कोस रही है जबकि बीजेपी के कार्यकाल में परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते चार साल में सरकार कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की है। प्रदेश में नई योजनाओं का अभाव रहा और कई संस्थान बंद कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य पर कर्ज बढ़कर करीब एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है लेकिन इसके बावजूद जमीन पर कोई विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं। पिछली सरकार पर ठेकेदारों को खुश करने के आरोपों का जवाब देते हुए जयराम ने कहा कि उस समय बनाए गए भवन जनता की मांग और विधायकों की सिफारिश पर बने थे। विपक्ष ने सवाल उठाया कि जिन उद्देश्यों के लिए ये भवन बनाए गए थे वर्तमान सरकार उन्हें पूरा क्यों नहीं कर रही और कई संस्थानों को बंद क्यों किया गया। संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि विस्तार के बाद इन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गईं क्या उन्होंने उन्हें ईमानदारी से निभाया। राजनीतिक माहौल पर तंज कसते हुए जयराम ने सीएम सुक्खू के बयान पर पलटवार किया और कहा कि वे किसी तनाव में नहीं हैं बल्कि सीएम खुद चिंता में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर ही मंत्री यह कह रहे हैं कि सरकार बनने का श्रेय किसी और को जाता है और उपमुख्यमंत्री की भूमिका को लेकर भी बयानबाजी हो रही है।

# कानपुर में ट्रेन ट्रैक पर जला एलपीजी सिलेंडर मिला, यात्रियों में दहशत

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर कैंटोनमेंट इलाके में बुधवार शाम लगभग 7 :30 बजे दिल्ली-प्रयागराज रेल मार्ग पर एक छोटा एलपीजी सिलेंडर जल गया। यह घटना कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में हुई। पांच किलो का सिलेंडर ट्रैक से लगभग सात फीट दूर मिला। स्थानीय निवासियों ने आग पर पुलिस और आरपीएफ के आने से पहले ही काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार, सिलेंडर महाबोधि एक्सप्रेस से गिरा हो सकता है और गैस रिसाव के कारण उसमें आग लग गई। घटनास्थल से अधजला बोरा बरामद हुआ, जिसमें बर्तन, मोबाइल फोन और प्रतापगढ़ निवासी ओम प्रकाश मिश्रा का आधार कार्ड मिला। डीसीपी (ईस्ट) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मिश्रा दिल्ली में सुरक्षा गार्ड हैं और घर लौट रहे थे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की गहन जांच कर रही हैं। शुरुआती आकलन इसे हादसा मान रहा है, लेकिन शराब सेवन, लापरवाही या संभावित साजिश के पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# वर्धा रोड फ्लाईओवर पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नागपुर में वर्धा रोड स्थित जयप्रकाश मेट्रो स्टेशन के पास डबलडेकर फ्लाईओवर पर बुधवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिसके बाद देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धू कर जल उठी। गनीमत यह रही कि कार चला रहे युवक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, यशोधरानगर निवासी अमजद खान उर्फ इमरान खान अपने एक रिश्तेदार से मुलाकात कर घर वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार राजीव नगर के पास फ्लाईओवर पर पहुंची, तो अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान कार के दरवाजे (सेंट्रल लॉकिंग) जाम हो गए। अमजद ने कड़ी मशक्कत के बाद खुद को सुरक्षित बाहर निकाला। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के कारण फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुरक्षा के मद्देनजर यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के बेसा-पिपला और नरेंद्रनगर केंद्रों से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार डीजल इंजन वाली थी और संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस और विशेषज्ञ जांच में जुटे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

# सिंगरौली में शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

सिंगरोली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई है। आरोप है कि सरकारी प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल पहुंचता है और हाजिरी लगाकर घर लौट जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबत कर दिया है। लोगों का कहना है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। शराबी शिक्षक के डर और पढ़ाई न होने की वजह से आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। पूरा मामला बरगवां थाना क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला मझौली टोला मजगवां सेकेंड का है। यहां शिक्षक लखपति सिंह पदस्थ हैं। इस स्कूल में कुल 25-30 बच्चे हैं, शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल आते हैं और अपनी हाजिरी लगाकर वापस घर लौट जाते हैं। आरोप है कि आरोपी शिक्षक लखपति जब तक स्कूल में होते हैं तब शराब के नशे में बच्चों के साथ बदतमीजी करते हैं। इस कारण आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। बच्चों के अभिभावक और स्थानीय निवासियों ने बताया कि लखपति सिंह सालों से शराब पीकर स्कूल आ रहे हैं। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

# हरियाणा कांग्रेस में आंतरिक खींचतान, क्रॉस वोटिंग पर उठे सवाल

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद अब सार्वजनिक हो गए हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर चौधरी ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए पार्टी नेतृत्व और नेताओं पर सीधे निशाना साधा। गुर्जर ने विधायक शैली चौधरी पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह खारिज किया और कहा कि बिना सबूत किसी की छवि को नुकसान पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो गीता भुक्कल को लीगल नोटिस भेजा जा सकता है। गुर्जर ने पार्टी में चापलूसी बढ़ाने वालों की निंदा की और क्रॉस वोटिंग के आरोपों पर सभी तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की।

# झारखंड में जादू टोने के शक में बुजुर्ग से मारपीट कर पेशाब पीने पर किया मजबूर

लातेहार (एजेंसी)। झारखंड के लातेहार जिले में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को 'जादू टोना करने वाला' करार देने के बाद उसे पेशाब पीने के लिए मजबूर किया। पीड़ित के बेटे बृजेश मुंडा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना मंगलवार को नेतरहाट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दौना गांव में हुई। बेटे ने बताया कि ग्रामीणों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इसका विरोध किया। वहीं, एक स्वास्थ्यकर्मी को ग्रामीणों की इस हरकत का विरोध करने पर पीटा गया और वहां से भगा दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बृजेश मुंडा ने दावा किया है कि यह हमला हाल में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत के बाद हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह उसके पिता के काले जादू के कारण हुआ था। इसके बाद तकरीबन 15 ग्रामीणों के एक समूह ने बैठक बुलाई और कथित हमले से पहले उसके पिता को जादू टोना करने वाला करार दिया। वहीं एक स्वास्थ्यकर्मी के पति ने दावा किया कि इस घटना के दौरान उनकी पत्नी को पीटा गया। बृजेश मुंडा ने आरोप लगाया है कि बुधवार को पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन उसे वापस भेज दिया गया।

# शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे के संपर्क में, बदलना चाहते हैं दल

## -एकनाथ शिंदे के दिल्ली से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा, उद्धव गुट में बढ़ी बेचैनी!

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत में क्या डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे एक बार खेला करने जा रहे हैं? शिंदे के दिल्ली दौरे से महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई है, जिसे लेकर उद्धव ठाकरे गुट में बेचैनी बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि उद्धव के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंद के संपर्क में है और दल बदलने के लिए तैयार का रहे हैं। शिंदे का यह कदम उस बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसका मकसद अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाना और संसद में अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाना है। महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। शिंदे के तीन दिवसीय दिल्ली दौरे ने उद्धव ठाकरे गुट की बेचैनी को बढ़ा दिया है। हालांकि, शिंदे के साथ दिल्ली दौरे पर मौजूद रहे उदय सामंत ने कहा कि यह दौरा पूरी तरह से सांसदों के साथ संवाद और मार्ग दर्शन के लिए था।

रिपोर्ट के मुताबिक डिप्टी सीएम एकनाथ ने अपने दिल्ली दौरे पर सबसे पहले संसद भवन पहुंचे। संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात की और उसके केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले थे। सूत्रों की माने तो उद्धव ठाकरे के 9 लोकसभा सांसदों में से आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में है और पाला बदलने के इच्छुक हैं। शिवसेना के सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली यात्रा के दौरान एकनाथ शिंदे ने अपने सांसदों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने उद्धव गुट के सांसदों के पाला बदलने के मुद्दे पर चर्चा की। ऐसे शिंदे ने दिल्ली दौरे पर कानूनी विशेषज्ञों से इस संबंध में राय भी ली है। इसके बाद से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई।

# बंगाल चुनाव से पहले चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, 40 से ज्यादा अफसरों का तबादला

## शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पुलिस महकमे तक व्यापक फेरबदल, राजनीतिक माहौल गरमाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए राज्य में व्यापक फेरबदल किया है। अब तक 40 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पदों से हटाया या स्थानांतरित किया जा चुका है, जिसे लेकर अब राजनीतिक गलियारे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पदों से हटाकर चुनाव से जुड़े कार्यों से दूर कर दिया गया है। उनकी जगह दुश्मंता नरिवाला को नया मुख्य सचिव और संगमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर इतनी तेजी से बदलाव को राज्य के इतिहास में दुर्लभ माना जा रहा है।

यह कार्रवाई केवल शीर्ष अधिकारियों तक सीमित नहीं रही। पुलिस विभाग में भी बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), कानून-व्यवस्था के महानिदेशक, दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक और उत्तर बंगाल के महानिरीक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को बदला गया है। इसके साथ ही बैरकपुर, हावड़ा, आसनसोल और चंदननगर जैसे प्रमुख शहरों के पुलिस आयुक्तों का भी स्थानांतरण किया गया है।

क्षेत्रीय स्तर पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिला है। मुर्शिदाबाद, बर्दवान, प्रेसिडेंसी रेंज, रायगंज और जलपाईगुड़ी के पांच डीआईजी को हटाया गया है, जबकि कूचबिहार, बीरभूम, हुगली ग्रामीण, मालदा और पूर्व-पश्चिम मेदिनीपुर समेत 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। साथ ही 15 आईपीएस अधिकारियों को अन्य राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

राजनीतिक मोर्चे पर भी इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने जहां चुनावी जीत का दावा किया है, वहीं ममता बनर्जी ने आयोग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम बीजेपी के इशारे पर उठाया गया है। वहीं बीजेपी ने चुनाव आयोग के इस फैसले का समर्थन किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए ऐसे कदम जरूरी थे।

चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है। आयोग के अनुसार, इन बदलावों से प्रशासनिक निष्पक्षता बनी रहेगी और मतदाताओं का भरोसा मजबूत होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले हुआ यह बड़ा प्रशासनिक फेरबदल आने वाले दिनों में राज्य की राजनीति और चुनावी रणनीतियों पर गहरा असर डाल सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

# सोनिया गांधी पर भड़के कांग्रेस नेता थरुर कहा- जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरुर लगातार कांग्रेस के खिलाफ बयान दे रहे हैं। कई मौकों पर उन्होंने तंस भी कसे हैं। इस बार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर पलटवार किया है। सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन और उसके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर नई दिल्ली की खामोशी भारत की विदेश नीति की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में खड़े होने के अवसर को गंवाने जैसा बताया था। इसके जवाब में थरुर ने कहा है कि जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं हो सकती।



पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भारत सरकार के रुख को लेकर देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही है। जहाँ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सरकार की चुप्पी की तीखी आलोचना की है, वहीं तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने सरकार के इस कदम को एक सोची-समझी और जिम्मेदार कूटनीति (रिस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट) करार दिया है।

हालांकि, पूर्व राजनयिक और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इस आलोचना से असहमति जताते हुए एक अलग दृष्टिकोण पेश किया है। थरूर का तर्क है कि भारत की चुप्पी कोई नैतिक आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनाया गया एक व्यावहारिक संतुलन है। उनके अनुसार, विदेश नीति केवल नैतिक भाषणबाजी का मंच नहीं है, बल्कि यह सिद्धांतों और शक्ति के बीच संतुलन साधने का क्षेत्र है। थरूर ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि भारत ने अतीत में भी कई बार राष्ट्रीय हितों के चलते चुप्पी साधी है, जैसे 1956 में हंगरी या 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप के दौरान। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि वहां 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं और हमारा 200 अरब डॉलर का व्यापार उसी क्षेत्र पर निर्भर है। ऐसे में किसी एक पक्ष के खिलाफ कड़ा सार्वजनिक रुख अपनाना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। सांसद थरूर ने यह भी रेखांकित किया कि मौजूदा वैश्विक हालातों और अमेरिका के साथ रक्षा व तकनीकी साझेदारी को देखते हुए भारत का संयम ही उसकी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि चुप्पी का मतलब युद्ध का समर्थन करना नहीं, बल्कि अनावश्यक टकराव से बचते हुए कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना है।

# नौसेना अलर्ट, भारत ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए खाड़ी क्षेत्र में युद्धपोतों की तैनाती बढ़ाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस संवेदनशील समुद्री मार्ग पर बढ़ते खतरों को देखते हुए भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। भारतीय नौसेना ने खाड़ी क्षेत्र में अपने युद्धपोतों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि कच्चे तेल और गैस लेकर आने वाले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया जा सके।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग के एक तरफ फारस की खाड़ी और दूसरी ओर ओमान की खाड़ी स्थित है। भारत अपनी तेल और गैस की जरूरतों के लिए कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों पर निर्भर है, जिनके टैंकर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। वर्तमान में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के कारण इस मार्ग पर आवाजाही लगभग ठप हो गई है, जिससे भारत के करीब 22 व्यापारिक जहाज वहां फंसे हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नौसेना ने वहां मौजूद तीन युद्धपोतों के साथ अतिरिक्त जहाजों को तैनात करने का निर्णय लिया है, जिससे कुल संख्या छह से सात तक हो जाएगी। भारतीय नौसेना यह मिशन ऑपरेशन संकल्प के तहत चला रही है। इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2019 में समुद्री सुरक्षा और भारतीय व्यापारिक जहाजों में भरोसा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। नौसेना की इस मुस्तैदी का सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला है। हाल ही में शिवालिक और नंदा देवी नामक दो एलपीजी जहाजों को करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस के साथ सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुँचाया गया है। इसके अलावा, एक भारतीय युद्धपोत ने हाल ही में यूएई के फुजैरा पोर्ट से निकले तेल टैंकर को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक कच्चे तेल की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। ऐसे में भारत की यह सैन्य तैनाती न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों में स्थिरता बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। नौसेना अदन की खाड़ी में भी 2008 से लगातार एंटी-पायरेसी मिशन चला रही है, जो समुद्र में भारत की बढ़ती शक्ति और जिम्मेदारी को दर्शाता है।



# 15 अप्रैल तक बन सकती है बिहार में नई सरकार, नीतीश कुमार यात्रा खत्म होते ही देंगे इस्तीफा

## -बिहार का सीएम बीजेपी से ही होगा! शाह और केंद्रीय नेताओं की पसंद सम्राट चौधरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीतीश कुमार के राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होते ही सीएम पद से उनके इस्तीफे का काउंट डाउन शुरू हो गया है। उनके इस्तीफे की तारीख का अनुमान भी लोग लगाने लगे हैं। सीएम पद छोड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है लेकिन इतना तय है कि 15 अप्रैल तक वे सीएम पद से भी इस्तीफा दे देंगे। जन प्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक कोई व्यक्ति एक साथ दो सदनों का सदस्य नहीं रह सकता। एक सदन का सदस्य रहते कोई दूसरे सदन का सदस्य निर्वाचित होता है तो उसे एक सदन से 14 दिनों के अंदर इस्तीफा देना होता है।

नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए 16 मार्च को निर्वाचित हुए हैं। वे किस सदन का सदस्य रहेंगे, अब उन्हें तय करना है लेकिन हर हाल में उन्हें 14 दिनों के अंदर ही यह फैसला करना होगा। नीतीश के संदर्भ में वह तारीख 30 मार्च होगी। वे पहले से बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं। अनुमान है कि नीतीश अपनी चल रही समृद्धि यात्रा खत्म होते ही इस्तीफा दे देंगे। हालांकि वे चाहें तो विधान परिषद से इस्तीफे के बाद भी 6 महीने तक सीएम पद पर बने रह सकते हैं। नीतीश के सीएम पद छोड़ने पर बीजेपी से नया सीएम बनना तय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में बीजेपी का सीएम बनना ऐतिहासिक पल होगा। बिहार में पहली बार बीजेपी का नेता सीएम बनेगा। बीजेपी की सालों पुरानी मुराद अब पूरी होने जा रही है। 2005 से नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार चल रही है, मुख्यमंत्री हमेशा जेडीयू से ही रहा है। बीजेपी दो मौकों पर सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सीएम पद से वंचित रही। अब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के साथ बीजेपी का यह लंबा इंतजार खत्म होने वाला है। 2020 में बीजेपी विधायकों की संख्या जेडीयू से ज्यादा थी। तब भी सीएम नीतीश कुमार ही बने थे। तब बीजेपी के 80 तो जेडीयू के 43 विधायक थे। 2025 में भी बीजेपी ने दूसरी बार जेडीयू से ज्यादा सीटें जीतीं। इसके बावजूद गठबंधन की शर्तों के मुताबिक बीजेपी ने सीएम की कुर्सी जेडीयू को ही सोंप दी। नीतीश ने 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली। अब चूंकि नीतीश राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं, इसलिए बीजेपी का सीएम बनना तय है।

बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव शुरू होने के पहले सीएम की कुर्सी छोड़ दें। बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनना पार्टी के लिए बंगाल में मनोबल बढ़ाने वाला होगा। बंगाल में बीजेपी पिछड़ा और अन्य वर्गों को साधने की कोशिश कर रही है, पिछड़े वर्ग के नेता का सीएम बनने बंगाल में भी संदेश जाएगा। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना और बीजेपी का सीएम बनना एनडीए की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं विपक्षी महागठबंधन इसे बीजेपी की साजिश बता रहा है, लेकिन एनडीए इसे विकास और स्थिरता का प्रतीक मान रहा है।

नीतीश के इस्तीफे के बाद सीएम की रेस में कई नाम चर्चा में हैं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय भी पिछड़ा वर्ग से आते हैं। यादव समाज की 14 फीसदी आबादी को देखते हुए उनके नाम की चर्चा हो रही है। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं। उन्हें सीएम बनाया जाता है तो वे आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की काट साबित होंगे। उनके अलावा पिछड़े वर्ग से आने वाले दिलीप जायसवाल के नाम की भी चर्चा है। बीजेपी ने अगर सवर्ण समाज से किसी को सीएम की कुर्सी सौंपने का मन बनाया तो विजय सिन्हा का नाम भी हो सकता है। वे अभी डेप्युटी सीएम हैं। इन सभी नामों के अलावा डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी का नाम सबसे अधिक चर्चा में है।

सम्राट चौधरी के नाम पर भाजपा में सहमति बनने की संभावना अधिक दिख रही है। बीजेपी ने उन्हें ओबीसी चेहरा बना कर पेश किया है, जो बिहार की जातीय समीकरण में अहम है। नीतीश कुमार के ईबीसी और दलित वोट बैंक को बनाए रखने के लिए सम्राट जैसे नेता की ही जरूरत है। अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेताओं की पसंद भी सम्राट चौधरी ही हैं।

राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा जोरों पर है कि 15 अप्रैल के पहले बिहार में नई सरकार बन जाएगी। बंगाल में उसके बाद विधानसभा के चुनाव शुरू होंगे। बंगाल की जनता को साधने के लिए बीजेपी ने पहले नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बंगाल में कायस्थ इंटलेक्चुअल समाज का हिस्सा माने जाते हैं। नबीन कायस्थ बिरादरी से ही आते हैं। बंगाल के पिछड़े वोटरों को ध्यान में रख कर बीजेपी सम्राट के जरिए संदेश देना चाहेगी कि वह उनकी हितैषी है। बीजेपी का जोर युवा नेतृत्व पर भी बढ़ा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902